चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 302, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 02 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट


## कॉप-28 : भारत ने 'लॉस एंड डैमेज फंड' की शुरूआत का किया स्वागत

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कॉप-28 जलवायु सम्मेलन में यूएई की ओर से 475 मिलियन डॉलर के ह्यलॉस एंड डैमेजह्न फंड की शुरूआत किए जाने की सराहना की। फंड विकासशील देशों को बाढ़, सूखे और लू (हीट वेव) के प्रभावों से होने वाले नुकसान पर मुआवजा देगा।

दुबई में कॉप-28 विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रांसफॉर्मिंग क्लाइमेट फाइनेंस पर एक सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत ने सतत विकास और जलवायु परिवर्तन को रोकने से जुड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने जलवायु निवेश कोष की घोषणा के लिए यूएई को बधाई भी दी।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी जानते हैं कि भारत सहित ग्लोबल साउथ देशों की क्लाइमेट चेंज में भूमिका बहुत कम रही है। लेकिन क्लाइमेट चेंज के दुष्प्रभाव उन पर कहीं अधिक हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद ये देश क्लाइमेट एक्शन के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी बहुत



महत्वपूर्ण हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ के राष्ट्र विकसित देशों से अपेक्षा करते हैं कि वे जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए उन्हें यथासंभव मदद करें, जो स्वाभाविक और न्यायोचित भी है। उन्होंने यह भी दोहराया कि "उपलब्ध, सुलभ और किफायती" जलवायु कार्रवाई के लिए खरबों डॉलर के जलवायु वित्त की आवश्यकता है और उम्मीद है कि कॉप-28 इस दिशा में एक प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

मोदी ने कहा कि जी-20 में इसे लेकर सहमति बनी है कि क्लाइमेट एक्शन के लिए 2030 तक कई ट्रिलियन डॉलर क्लाइमेट फाइनेंस की आवश्यकता है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यूएई के क्लाइमेट फाइनेंस फ्रेमवर्क पहल से इस दिशा में बल मिलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ह्यलॉस एंड डैमेजह्न की शुरूआत से कॉप-28 शिखर सम्मेलन में एक नई आशा का संचार हुआ है। मोदी ने यह भी आशा जताई कि क्लाइमेट फाइनेंस (जलवायु वित्त) से संबंधित अन्य मुद्दों पर ठोस परिणाम निकलेंगे और विकसित देश 2050 से पहले अपना कार्बन फुटप्रिंट जरूर खत्म करेंगे।

### एनआईए ने विस्फोटक सामग्री मामले में आठ लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तेलंगना में द्रोण और विस्फोटक सामग्री आपूर्ति करने के मामले में प्रतिबंधित कम्यूनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (माओवादी ) संगठन के आठ लोगों के खिलाफ शुक्रवार को चार्जशीट दायर कर दी है।

चार्जशीट में गिरफ्तार आरोपित पूनेम नागेश्वर राय, देवानुरी माल्लिकानुर्जन राव, वेलुपुगला उमाशंकर का नाम शामिल है जिसने द्रोण और विस्फोटक सामग्री वे जानू कोट्टी, अरेपल्ली श्रीकांथ, तालापलली आरोग्यम और बोंथा महेंद्र को आपूर्ति किया था। आठवां व्यक्ति सोनाबोनिया कुमार स्वामी का शामिल है जो विस्फोटक सामग्री की आपूर्ति करता था। इसके पास इसका लाइसेंस था। जून महीने में कोठागुडेम के चेरला मंडल में तीन आरोपितों के पास से विस्फोटक सामग्री, ड्रोन और एक लेथ मशीन जब्त होने के बाद एनआईए इनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। स्थानीय पुलिस ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ तीन दिसंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर

**रायपुर।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तीन दिसंबर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर का दौरा करेंगे।

राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू), रायपुर के छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति का छत्तीसगढ़ के राजभवन का दौरा करने का भी कार्यक्रम है।

### एएफएमसी में स्थापित किया गया टेली-मानस सेल

**नई दिल्ली।** आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉले ज(एएफएमसी) में एक समर्पित टेली-मानस सेल स्थापित किया गया है। सेल का उद्घाटन शुक्रवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने किया।

## एनआईए ने विस्फोटक सामग्री मामले में आठ लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तेलंगना में द्रोण और विस्फोटक सामग्री आपूर्ति करने के मामले में प्रतिबंधित कम्यूनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (माओवादी ) संगठन के आठ लोगों के खिलाफ शुक्रवार को चार्जशीट दायर कर दी है। चार्जशीट में गिरफ्तार आरोपित पूनेम नागेश्वर राय, देवानुरी माल्लिकानुर्जन राव, वेलुपुगला उमाशंकर का नाम शामिल है जिसने द्रोण और विस्फोटक सामग्री वे जानू कोट्टी, अरेपल्ली श्रीकांथ, तालापलली आरोग्यम और बोंथा महेंद्र को आपूर्ति किया था। आठवां व्यक्ति सोनाबोनिया कुमार स्वामी का शामिल है जो विस्फोटक सामग्री की आपूर्ति करता था। इसके




पास इसका लाइसेंस था।

जून महीने में कोठागुडेम के चेरला मंडल में तीन आरोपितों के पास से विस्फोटक सामग्री, ड्रोन और एक लेथ मशीन जब्त होने के बाद एनआईए इनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। स्थानीय पुलिस ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे ग्वालियर, दतिया में पीताम्बर माई के दर्शन कर अनुष्ठान करेंगे

**ग्वालियर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार शाम मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर पहुंचे हैं। यहां एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा समेत पार्टी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा एयरपोर्ट से सीधे ऊषा किरण पैलेस पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक के बाद नड्डा



सड़क मार्ग से ग्वालियर शहर होते हुए दतिया के लिए रवाना हो गए। वे दतिया में प्रसिद्ध शक्तिपीठ पीताम्बरा माई के दर्शन कर अनुष्ठान में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, भाजपा अध्यक्ष नड्डा दतिया से रात में वापस ग्वालियर लौटेंगे और यहां ऊषा किरण पैलेस में रात्रि विश्राम करेंगे।

**जवाब दिए बिना निकल गए शिवराज**

इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के ग्वालियर पहुंचने पर मीडियाकर्मियों ने उनसे एग्जिट पोल को लेकर सवाल पूछे। इस दौरान पत्रकारों ने पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनने को लेकर सवाल किया तो वे बिना जवाब दिए निकल गए।

हालांकि, मुख्यमंत्री चौहान ने एग्जिट पोल के परिणामों को लेकर कहा कि भाजपा बहुमत में आ रही है। मुख्यमंत्री के साथ गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भी मौजूद थे।

## यूएई के राष्ट्रपति से मिले प्रधानमंत्री मोदी, वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संयुक्त अरब अमीरात में कॉप-28 शिखर सम्मेलन के मौके पर संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कॉप-28 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए शेख मोहम्मद बिन जायद को बधाई दी। उन्होंने कॉप-28 में हरित जलवायु कार्यक्रम (जीसीपी) पर उच्च स्तरीय



कार्यक्रम की सह-मेजबानी के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को भी धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने अपने व्यापक और जीवंत द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। उन्होंने इजराइल-हमास संघर्ष पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने अगले महीने भारत में होने वाले वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को आमंत्रित किया।

## राजस्थान में बेटी को जलाकर मारने के मामले का एनसीडब्ल्यू ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली**

राजस्थान के पाली जिले में एक पिता ने अपनी बेटी का गला काटने और फिर पेट्रोल डाल कर उसे जला देने की वीभत्स घटना सामने आई है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिदेशक को पत्र लिख कर आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने एक्स पर कहा, " राजस्थान के बाड़मेर में हुई भयावह घटना से बेहद परेशान हूं, जहां एक पिता ने कथित तौर पर अपनी बेटी को आग लगाकर मार डाला। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसका स्वतः संज्ञान लिया है।"

रेखा शर्मा ने कहा कि राज्य के डीजीपी ने अधिकारियों से आरोपितों को गिरफ्तार करने और आईपीसी की धारा 302 लागू करने के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

यह घटना मंगलवार की है। घटना पाली जिले के सिरयारी गांव की है। वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी और शव बरामद किया था। पुलिस ने आरोपित की पहचान 57 साल के शिवलाल मेघवाल के तौर पर की है। मृतक युवती की पहचान 32 साल की निरमा मेघवाल के तौर पर हुई है।

## भारत का इंटरपोल के विजन 2030 को अपनाने एवं इंटरपोल फ्यूचर काउंसिल के गठन को समर्थन



**नई दिल्ली**

भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने वियना, ऑस्ट्रिया के वार्षिक इंटरपोल महासभा में शुक्रवार को भाग लिया, जो दुनिया में वरिष्ठ कानून प्रवर्तन अधिकारियों की सबसे बड़ी सभा है। इस वर्ष की महासभा इंटरपोल की 100वीं वर्षगांठ का भी प्रतीक है, जो उस शहर में लौटी है, जहां संगठन की स्थापना एक सदी पूर्व हुई थी।

भारत के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय जांच ब्यूरो ( सीबीआई) निदेशक प्रवीण सूद ने किया। इसमें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने भी हिस्सा लिया।

भारत ने इंटरपोल के विजन 2030 को अपनाने एवं इंटरपोल फ्यूचर काउंसिल के गठन का भी समर्थन किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने समन्वय के तंत्र को मजबूत करने पर इंटरपोल, यूरोपोल, प्रशांत द्वीप पुलिस संगठन के प्रमुखों एवं अमेरिकी वायु सेना विशेष जांच कार्यालय के वरिष्ठ कर्मियों के साथ भी चर्चा की है।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संगठित अपराध, आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग, ऑनलाइन कट्टरपंथ, साइबर सक्षम वित्तीय अपराधों से निपटने एवं सही समय पर इन अपराधों को रोकने हेतु ठोस कार्रवाई के लिए इंटरपोल चैनलों के माध्यम से समन्वय बढ़ाने के लिए कई देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ चर्चा की। भारत ने अपराध, अपराधियों एवं अपराध से कमाई के लिए किसी भी सुरक्षित आश्रय स्थल से इनकार व अस्वीकार करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

## नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.67 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली**

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। नवंबर महीने में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये के पार रहा है। पिछले महीने अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.72 लाख करोड़ रुपये रहा था, जबकि सितंबर महीने में यह 1.63 लाख करोड़ रुपये था।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि नवंबर महीने में जीएसटी संग्रह 1,67,929 लाख करोड़ रुपये रहा है। पिछले महीने अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 1.72 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। ये लगातार नौवां महीना है, जब मासिक जीएसटी संग्रह 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है। हालांकि, पिछले महीने के मुकाबले जीएसटी संग्रह में 2 फीसदी की गिरावट रही है।

## गुजरात के मंत्री बलवंतसिंह राजपूत ने मलेशिया में पहले बिजनेस समिट का उद्घाटन किया

**गांधीनगर**

गुजरात सरकार के उद्योग (एमएसएमई) मंत्री बलवंतसिंह राजपूत ने अपने मलेशिया यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को ग्लोबल ऑर्गनाइजेशन ऑफ पीपल ऑफ इंडियन ओरिजिन (जीओपीआईओ) की ओर से आयोजित पहले बिजनेस समिट का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन समारोह में भारत सरकार के विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह, मलेशिया की उद्यमिता और सहकारी विकास उप मंत्री और मलेशिया वाईबी सीनेटर सरस्वती कंडासामी और कुआलालंपुर में भारतीय उच्चायुक्त वाई एन भी शामिल रहे। इस कार्यक्रम में 15 देशों के पर्सन ऑफ इंडिया ओरिजिन (पीआईओ) भी भाग ले रहे हैं।

मंत्री बलवंतसिंह राजपूत ने जीओपीआईओ में अपने उद्घाटन भाषण के दौरान




अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समुदाय के लिए गुजरात में मौजूद विभिन्न निवेश और व्यापारिक अवसरों को साझा किया। उन्होंने अपने संबोधन में पीआईओ समुदाय को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्विकसित भारत @2047ह्न के दृष्टिकोण को साकार करने में साझेदार बनने का अनुरोध भी किया। बलवंतसिंह ने इस पहल के प्रति गुजरात सरकार की भी प्रतिबद्धता को व्यक्त किया और कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्यों को गुजरात में निवेश के अवसरों को एक्सप्लोर करने के लिए वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 में भाग लेने का निमंत्रण दिया। इस समिट के दौरान गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीबी) के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राहुल गुप्ता (आईएएस) ने गुजरात में निवेश के अवसरों को लेकर एक व्यापक प्रेजेन्टेशन भी दिया। इसके अलावा, कुआलालंपुर में गुजराती समाज द्वारा मंत्री बलवंतसिंह राजपूत का स्वागत भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान, मंत्री बलवंतसिंह राजपूत ने कार्यक्रम में मौजूद समुदाय को गुजरात में निवेश के अवसरों को एक्सप्लोर करने के लिए आमंत्रित भी किया। इसके बाद वे बाटू गुफा मंदिर पहुँचे और उन्होंने वहाँ आशीर्वाद प्राप्त किया।

# मण्डलायुक्त ने किया राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति समीक्षा बैठक कार्यालय स्थित गांधी सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें स्वास्थ्य संबंधी बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।सर्वप्रथम मण्डल के सरकारी अस्पतालों में हो रहे प्रसव के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए यह अवगत कराया गया कि माह अक्टूबर 2023 तक संस्थागत प्रसव के लक्ष्य के सापेक्ष जनपद फतेहपुर, कौशाम्बी प्रतापगढ़ व प्रयागराज में कमशः 74.00, 76.7, 519 व 55.8 प्रतिशत संस्थागत प्रसव ही रिपोर्ट किए गए हैं, जिसमें जनपद प्रतापगढ़ व प्रयागराज की उपलब्धि कम है। इस बिन्दु पर चर्चा करते हुए मण्डलायुक्त ने कितने प्रसव के प्रकरण प्राइवेट अस्पतालों में जा रहे हैं एवं उसके क्या कारण हैं और क्या इनमें आशाओं की भागीदारी है, इसकी जांच कराने के निर्देश दिए हैं।माह अक्टूबर 2023 तक सम्पादित जेएसवाई प्रसवों के सापेक्ष दिनांक 30.11.2023 तक जनपद फतेहपुर में 222 व प्रयागराज में 2136 लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है, जिससे स्पष्ट होता है कि दोनों जनपदों में माह नवम्बर 2023 में हुए प्रसवों का भुगतान पूर्ण रूप से लम्बित है। यह अवगत कराये जाने पर मण्डलायुक्त ने खासी नाराजगी व्यक्त की तथा सभी लम्बित प्रकरणों में भुगतान अतिशीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मातृ मृत्यु के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जनपद फतेहपुर में 20 कौशाम्बी में 51, प्रतापगढ में 13 व प्रयागराज में 98 की रिपोटिंग की गयी है। इसका संज्ञान लेते हुए मण्डलायुक्त ने प्रतापगढ़ में रिपोटिंग क्यों कम की गयी है इसकी जांच कर प्रत्येक ब्लाक में कितनी मृत्यु हुई है उनके एम0ओ0आई0एस से प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। टीकाकरण की समीक्षा करते हुए सरकारी इकाइयों पर हुए नवजात शिशुओं को हेपेटाइटिस बर्थडोज जनपद फतेहपुर में 91.8 प्रतिशत, प्रतापगढ़ में 96.00 प्रतिशत व प्रयागराज में 95.8 प्रतिशत दी गयी है। सरकारी ईकाइयों पर हुए नवजात शिशुओं को विटमिन के बर्थडोज जनपद फतेहपुर, कौशाम्बी प्रतापगढ़ व प्रयागराज में क्रमशः 88.7, 955, 85.6 व 83.9 प्रतिशत दी गयी है। इस पर मण्डलायुक्त ने सभी जगह नवजात शिशुओं को शतप्रतिशत डोज दिलाने को कहा।इसी क्रम में पिछली कुछ समीक्षा बैठकों में सामने आये प्रकरणों पर दिए गए निदेशों का अनुपालन न होने पर मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को इस संबंध में पत्र लिखते हुए अवगत कराने के निर्देश दिए।

## कार की टक्कर से घायल बाइक सवार इलाज के दौरान मौत

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के प्रयागराज/कौशाम्बी बार्डर पर स्थित रायल एजेंसी के सामने तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। बाइक सवार को टक्कर मारकर भाग रहे कार सवार को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हाथों सौंप दिया, पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। आस - पास मौजूद लोगों ने कार की टक्कर से गंभीर घायल बाइक सवार को हॉस्पिटल पहुंचाया। गंभीर घायल होने के कारण बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों के बीच कोहराम मच गया। मौके पर पूरामुफ्ती पुलिस पहुंचकर डेड बॉडी को कब्जे में लेकर विधिक प्रक्रिया के बाद पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के मकदूमपुर निवासी जावेद अहमद पुत्र अनीष अहमद किसी काम से कौशाम्बी की तरफ जा रहा था लेकिन जैसे ही वह पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के रॉयल एजेंसी के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। गंभीर घायल बाइक सवार को लोगों ने एंबुलेंस की मदद से इलाज हेतु हॉस्पिटल पहुंचाया लेकिन इलाज के दौरान बाइक सवार जावेद अहमद की मौत हो गई।

## न्यूज झरोखा...

### इलाहाबाद विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम के अंतर्गत साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**प्रयागराज।** केंद्रीय विश्वविद्यालय इलाहाबाद में कई साल बाद माननीय कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव के निर्देशन में स्पोर्ट्स मीट हुआ , आयोजनों की इस श्रृंखला में शुक्रवार की सुबह साइकिलिंग प्रतियोगिता को आयोजित किया गया जिसमें न केवल छात्र,शिक्षकों ने भी भाग लिया। साइक्लिंग प्रतियोगिता का अयोजन कला संकाय में किया गया इवेंट एडमिनिस्ट्रेटर प्रोफेसर अर्चना चहल ने हरी झंडी दिखा कर साइकिल रेस शुरू करायी। कार्यकर्म का संचालन साइक्लिंग इवेंट प्रभारी मोहम्मद साबिर ने किया । छात्र 10 किमी और शिक्षक 5 किमी की दूरी तय की जिस्मे बालक वर्ग में स्वराज यादव कला संकाय को प्रथम, विजयसेन सिंह विधि संकाय को द्वितीय और आकर्षण यदुवंशी विज्ञान संकाय को तृतीय स्थान मिला । बालिका वर्ग कुमारी सोनिया कला संकाय पहला स्थान स्मृति सिंह दूसरे विज्ञान संकाय और अनन्या पांडे वाणिज्य संकाय तीसरे स्थान पर रहीं वही पुरुष शिक्षक वर्ग सबसे पहले प्रोफेसर जेएन त्रिपाठी - विज्ञान संकाय , डॉ. विवेक द्विवेदी दूसरे और प्रो.धनंजय यादव-कला संकाय तीसरे स्थान पर रहे ' महिला शिक्षक वर्ग डॉ. सरोज यादव - कला संकाय प्रथम, डॉ. शीलू -कला संकाय दूसरे और डॉ. अर्चना सिंह- वाणिज्य संकाय तीसरे स्थान पर रहीं । साइक्लिंग इवेंट प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया और बास्केटबाल कोच श्री अश्वनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया जिसमें मुख्य रूप से चीफ प्रॉक्टर, मेडिकल प्रभारी, सुरक्षा गार्ड को धन्यवाद दिया । इस मौके पर चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश सिंह बॉक्सिंग कोच उमेश गुप्ता ,वॉलीबॉल कोच आशीष कुमार , कुश्ती प्रशिक्षक डॉ एस एन सिंह,बैडमिंटन कोच प्रदीप तिवारी, मोहम्मद नौशाद आबिद अली वरिष्ठ सहायक के पी सिंह, सहित सभी खेल विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### महापौर ने उल्टा किला का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** शुक्रवार को उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी महापौर द्वारा झूँसी हवेलिया स्थित समुद्रकूप उल्टा किला का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय पार्षद गुल फिरोज व अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे । निरीक्षण में पाया गया कि समुद्रकूप का पानी पीने योग्य है या नहीं की जॉच करायी जाय व पारिजात के सैकड़ो वर्ष पुराने वृक्ष का निरीक्षण किया गया । महापौर जी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि समुद्रकूप स्थित जलाशय के पानी की जॉच करायी जाय तथा उक्त व वृक्ष के आस पास का जीर्णोद्वार व सौन्दर्यीकरण की व्यवस्था की जाय।

### डीसीपी यमुनानगर ने किया नवनिर्मित चौकी का उद्घाटन



**नैनी।** नैनी मिजार्पुर मुख्य मार्ग पर नैनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत छिवकीं चौकी का शुक्रवार को डीसीपी यमुनानगर अभिनव त्यागी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। डीसीपी ने कहा कि इस पुलिस चौकी की नैनी क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण के लिए नई पुलिस चौकी की स्थापना की गई है। इस शुभ अवसर पर एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान, नैनी कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह, इंस्पेक्टर साजिद अली, औद्योगिक थाना प्रभारी सुभाष सिंह, चौकी इंचार्ज छिवकी संदीप यादव समेत समस्त संबंधित चौकी इंचार्ज एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष व पार्षद राकेश जयसवाल, सभासद पवन यादव, किसान मोर्चा महिला अध्यक्ष सविता शर्मा, धर्मराज पटेल, एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, संगठन सचिव रविंद्र सिंह, रवि मिश्रा, वीरेंद्र पटेल, संदीप विश्वकर्मा, समीर खान, प्रदीप कुमार, राकेश सोनकर, तस्लीम खान, दिनेश कुमार केसरवानी, पंकज मलिक, शुभम प्रजापति, राम जी, संजीव कुमार, सैय्यद रहमान, सुरेंद्र कुमार गुप्ता,मो फिरोज आदि एसपीओ टीम के सदस्य सम्मिलित रहे।

### यूनाइटेड के 23 छात्रों का पिरामिड आईटी कंसल्टिंग में 7.13 लाख सालाना पैकेज पर चयन




**नैनी।** नैनी यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी में आयोजित कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव के दौरान यूनाइटेड के 23 मेधावी छात्रों को नोएडा स्थित पिरामिड आईटी कंसल्टिंग फर्म में नौकरी मिली है। इंजीनियरिंग और प्रबंधन सहित विभिन्न शाखाओं से पढ़ाई कर रहे 2024 बैच के इन सभी स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को 7.13 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर स्टेप ट्रेनी पद पर नियुक्त किया गया है। इनमें आकाश कुमार अग्रहरि, अंकिता सिंह, आयुष सिंह, कनिष्ठा साहू, प्राची, शिवानी पांडे, अर्जिता शुक्ला, गरिमा चंद्रा, कृति मिश्रा, प्रतीक्षा श्रीवास्तव, सामिया सिद्दीकी, देबजानी भद्रा, कृतिका सिंह कानस्कर, मनीषा सिंह, पारुल सिंह, ऋषभ देव शामिल हैं। सिंह, सृष्टि सिंह, तान्या सिंह, तान्या थापा, वर्णिका श्रीवास्तव, जीनत जहां, प्रज्व्वल यादव और सिद्धांत मिश्रा शामिल हैं। चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए, यूजीआई की डीन, कॉर्पोरेट और उद्योग संबंध डॉ दिव्या बरतारिया ने कहा कि यूजीआई और यूनाइटेड यूनिवर्सिटी (यूयू), प्रयागराज के विभिन्न कॉलेजों के लगभग 400 छात्रों ने प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया था। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के कई दौर के बाद कम्पनी ने 23 छात्रों का चयन किया। यूजीआई के प्रेसिडेंट डॉ. जगदीश गुलाटी, चेयरमैन सतपाल गुलाटी, वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी और यूयू के कुलपति प्रो एएम अग्रवाल ने सभी चयनित छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### प्रमोद पटेल ने थामा कांग्रेस का हाथ, बढ़ी राजनीतिक हलचल

**2014 में समाजवादी पार्टी से लोकसभा का लड़ चुके हैं चुनाव**



**हनुमानगंज।** समाजवादी पार्टी का दामन छोड़कर कांग्रेस का हाथ थामने वाले प्रतापपुर विधान सभा के याकूबपुर गांव निवासी पूर्व विधायक स्वर्गीय जंग बहादुर पटेल के पुत्र प्रमोद पटेल कांग्रेस का जनाधार मजबूत करने में जुट गए। वे अपने साथ सैंकड़ों कार्यकताओं को कांग्रेस के साथ जोड़ने में सफल रहे। कांग्रेस पार्टी में उनकी बढ़ती लोकप्रियता और सक्रियता से पार्टी में उनका कद मजबूत होने का कयास लगाए जा रहे हैं। बता दें कि प्रमोद पटेल वर्ष 2014 में बाहुबली नेता रघुराज प्रताप सिंह राजा भ?इया के गढ़ यानी प्रतापगढ़ से समाजवादी पार्टी के बैनर तले लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। उन्हें कुल एक लाख पैंसठ हजार मत प्राप्त हुए थे। प्रमोद पटेल ने शुक्रवार को सांसद एवं उपनेता राज्य सभा प्रमोद तिवारी का उनके एल्गिन रोड स्थित निवास पर बुके भेंट कर स्वागत किया है। प्रमोद पटेल क?ई एजुकेशनल सोसायटी एवं संस्थानों के अध्यक्ष हैं। प्रमोद पटेल साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाली राजनीतिक पार्टियों के खिलाफ आवाम को संगठित कर कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का अभियान चलाया है।

# रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार

**अखंड भारत संदेश**

**3 रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार**



**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में पत्रिका चौराहे के पास स्थित रेस्टोरेंट में बुधवार की रात पुलिस ने छापा मारा तो वहां हुक्का बार चलता मिला। पुलिस ने मौके से दो कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, रेस्टोरेंट मालिक को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ सिगरेट तथा अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की गई है। बुधवार रात पुलिस को सूचना मिली कि सिविल लाइंस में पत्रिका चौराहे के पास साहब फ्लैमी रेस्टोरेंट में हुक्का बार चल रहा है। पुलिस पहुंची तो पूरा रेस्टोरेंट धुएं से भरा था। पुलिस को देखकर हुक्का पीने वाले भागने लगे। मौके से दो कर्मचारी आदित्य सरोज उर्फ भैरव लाल और अवनीश कुमार पाल उर्फ छोटू पाल को पुलिस ने पकड़ लिया। आदित्य और अवनीश ने बताया कि यह हुक्का बार चकिया के रहने वाले अमन का है। पुलिस ने मौके से आठ हुक्का सेट, पाइप, चार फ्लेवर के खुले डिब्बे, 24 पैकेट तंबाकू, चार पैकेट फिल्टर पाइप, 11 हुक्का पाइप और चारकोल समेत अन्य वस्तुएं बरामद कीं। इसके साथ ही रेस्टोरेंट के मालिक अमन को भी गिरफ्तार कर लिया गया। छापा मारने वाली टीम में दरोगा जय अंबिका पासवान और सुमन यादव के साथ ही पूजा देवी, रिंकू कुमार और अश्विनी यादव शामिल रहे।

## नेत्र रोग विशेषज्ञों का समागम

**प्रयागराज।** देश भर के नेत्र रोग विशेषज्ञ दो दिन के लिए प्रयागराज आ रहे हैं। यहां मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर में उत्तर प्रदेश ऑफ्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी का 57वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इसमें नेत्र संबंधित बीमारियों के आधुनिक इलाज पर मंथन किया जाएगा। आयोजक चेयरमैन व मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि इसमें कार्निया, रेटिना, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद तथा अन्य नेत्र संबंधित अन्य बीमारियों के इलाज पर एक्सपर्ट अपना अनुभव साझा करेंगे। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश संजय कुमार सिंह के साथ मंजू रानी चौहान भी उपस्थित होंगी। अति आधुनिक उपकरणों से होगा ऑपरेशन यहां अति आधुनिक उपकरणों से ऑपरेशन भी होगा। इसका लाइव प्रसारण बड़े स्क्रीन पर होगा। इसमें मुख्य रूप से एआईओएस के अध्यक्ष डॉ. हरवंश लाल, महासचिव डॉ. संतोष होनावर, साइंटिफिक कमेटी के अध्यक्ष डॉ. नम्रता शर्मा एवं उत्तर प्रदेश ऑफ्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र नाथ व महासचिव डॉ. मोहिता शर्मा नेत्र विशेषज्ञ के रूप में शामिल होंगे।

# विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह के विधानसभा क्षेत्र में नरक में तब्दील सड़क

**कीचड़युक्त सड़क पर चलने को मजबूर मंदर गांव के लोग**



**प्रयागराज।** भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के मंदर गांव में रेलवे क्रॉसिंग फ्लाईओवर का कार्य प्रगति पर है। इस विकास कार्य ने मंदर गांव को जाने वाले रास्ते का सर्वनाश कर रखा है हल्की सी बारिश में सड़क पर चारों ओर कीचड़ पसरा गया है जिससे लोगों का आवागमन बाधित है। इसी मार्ग से कई गांव के लोगों का शहर की तरफ जाने का मुख्य मार्ग होने के कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन लगा रहता है। लोगों का कहना है कि योगी सरकार में दिग्गज नेता एवं वर्तमान विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह के विधानसभा क्षेत्र में जनता की समस्याओं को बिना ध्यान में रखे क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। लोगों का मानना है कि बिना कोई विकल्प व्यवस्था के फ्लाईओवर का काम हो रहा है जिससे गांव के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का यह भी कहना है कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य में लगा ठेकेदार असुविधा फैलाकर क्षेत्र का विकास कर रहे हैं। फ्लाईओवर निर्माण कार्य अभी शुरू ही हुआ है अभी ड्रिल का काम हो रहा है यह विकास कार्य कई वर्षों तक चलेगा तब कहीं जाकर पूर्णरूप से तैयार होगा क्या तब तक लोग इसी तरह असुविधा का सामना करते रहेंगे। रास्ता इतना खराब है कि लोग पैदल चलने तक दुश्वार हैं।गांव वालों की समस्या का निदान करने के लिए आगे चलकर कोई भी आने को तैयार नहीं हैं। मंदर गांव के लोगों ने उच्चाधिकारियों से आग्रह किया है कि निर्माण कार्य के कारण हो रही असुविधा को ध्यान में रखकर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कराया जाए अन्यथा मंदर गांव के लोग धरना प्रदर्शन कर फ्लाईओवर निर्माण कार्य में बाधा डालने पर विवश होंगे।

## हाईकोर्ट समाचार



### सुनवाई में देरी से पहुंचे पुलिस कमिश्नर ने मांगी माफी, तब टली गृह सचिव की पेशी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गो हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को गृह सचिव उत्तर प्रदेश की पेशी का आदेश पारित करने के बाद पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा के आग्रह पर इसे टाल दिया। पुलिस कमिश्नर मामले की सुनवाई पर देरी से पहुंचे थे। तब तक कोर्ट अपना आदेश पारित कर चुकी थी और गृह सचिव को तलब करते हुए सुनवाई के लिए 12 दिसंबर की तिथि तय कर दी थी।पुलिस कमिश्नर के उपस्थित होने के बाद कोर्ट ने गृह सचिव को तलब करने के आदेश को टालते हुए मामले की सुनवाई के लिए दो दिसंबर की तिथि तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने सैफ अली खान की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया है। दरअसल, याची ने अपने खिलाफ 2019 में दर्ज हुए मुकदमे में हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल कर रखी है। कोर्ट ने मामला सामने आने के बाद पुलिस की विवेचना पर सवाल खड़े किए। कहा कि गो हत्या के मामले में पुलिस चार साल में विवेचना ही नहीं कर सकी। कोर्ट ने इसे लापरवाही माना और पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को तलब करते हुए चार सालों में गो हत्या के मामलों में दर्ज प्राथमिकी में हो रही जांच की प्रगति रिपोर्ट हलफनामे पर प्रस्तुत करने का आदेश दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर पुलिस कमिश्नर उपस्थित नहीं होते हैं तो गृह सचिव को इस मामले की पूरी रिपोर्ट लेकर उपस्थित होना होगा। बृहस्पतिवार को जब सुनवाई शुरू हुई तो याची अधिवक्ता की दलील और कोर्ट में मौजूद अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद आदेश पारित कर दिया गया।कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा कि 17 नवंबर 2023 के आदेश के क्रम में पुलिस कमिश्नर प्रयागराज उपस्थित नहीं हुए और न ही उनके द्वारा कोई शपथपत्र दाखिल किया गया। इस स्थिति में गृह सचिव उत्तर प्रदेश अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। ऐसा न करने पर कोर्ट उनके खिलाफ आदेश पारित करेगी। कोर्ट का आदेश पारित होने के बाद पुलिस कमिश्नर अपने शपथपत्र के साथ उपस्थित हुए। उन्होंने गृह सचिव को तलब करने के आदेश को वापस लेने की मांग की। इस पर कोर्ट ने गृह सचिव को तलब करने का आदेश वापस ले लिया और सुनवाई के लिए दो दिसंबर की तिथि तय कर दी।

### शादीशुदा भाई अनुकंपा नियुक्ति का हकदार नहीं, पीएसी में तैनात ड्राइवर के भाई का दावा खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अविवाहित मृतक कर्मचारी के शादीशुदा भाई को अनुकंपा नियुक्ति देने से इन्कार कर दिया। कहा कि शादीशुदा भाई अविवाहित मृतक कर्मचारी का आश्रित होने का दावा नहीं कर सकता।यह फैसला न्यायमूर्ति अजीत कुमार की अदालत ने याची संजय कुमार याचिका को खारिज करते हुए सुनाया। याची ने पीएसी गोरखपुर में ड्राइवर के पद पर तैनात रहे अपने मृतक अविवाहित भाई के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति के दावे को खारिज करने वाले आदेश को चुनौती दी थी। याची के अधिवक्ता दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा विमला देवी के प्रकरण में स्थापित विधि व्यवस्था के आलोक में याची को अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की थी। दलील थी कि विमला देवी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बहन को भाई की अनुकंपा नियुक्ति का हकदार माना है तो शादीशुदा भाई के साथ लैंगिक भेदभाव न कर उसे भी भाई की अनुकंपा नियुक्ति का हकदार माना जाना चाहिए।कोर्ट ने याची के दावे को खारिज करते हुए कहा कि अविवाहित मृतक कर्मचारी का आश्रित केवल अविवाहित भाई, बहन, माता और पिता को ही माना जा सकता है। वर्तमान मामले में याची शादीशुदा होने के साथ ही मृतक कर्मचारी का बड़ा भाई है। इसलिए उसे मृतक भाई की अनुकंपा नियुक्ति का हकदार नहीं माना जा सकता।

# पहले धूल से रहे परेशान और अब कीचड़ बना मुसीबत

**फिसलन भरे कीचड़ में चुटहिल हो रहे राहगीर**



**झूंसी/हनुमानगंज।** जीटी रोड चौड़ीकरण के दौरान हनुमानगंज बाजारवासी व राहगीर जहां पहले उड़ते धूल के गुबार से परेशान थे, वहीं अब दो दिनों से हो रही बूंदाबांदी के चलते कीचड़ से सराबोर हो चुकी सड़के उनके लिए मुसीबत का सबब बन गई है। बाजार में पैदल और दो पहिया वाहनों का चलना दुभर हो गया है। सबसे खतरनाक स्थिति जीटी रोड हनुमानगंज से फूलपुर लिंक मार्ग का है। सत्रह करोड़ की लागत से प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत करीब साल भर पहले यह सड़क निर्मित हुई थी। निर्माण इकाई ने जीटी रोड से दस मीटर पहले ही सड़क को उबड़-खाबड़ छोड़ दिया था। धीरे-धीरे वाहनों के आवागमन से दस मीटर सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई थी। बूंदाबांदी के चलते इस रास्ते पर गंदा पानी और कीचड़ जमा हो गया है। जिससे पैदल व दोपहिया वाहन चालक कीचड़ भरे इस गड्ढेनुमा सड़क पर फिसल कर चुटहिल हो रहें। इसी तरह जीटी रोड से लिंक मार्ग कोटवा रोड, सराय लाहुरपुर रोड भी कीचड़ से सराबोर है। कीचड़ भरे रास्ते स्थानीय लोगों के संग राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है।

## पांती गांव का युवक लापता, परिजन हो रहे परेशान



**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के मेजा रोड पांती गांव का युवक पिछले तीन दिनों से अचानक लापता हो गया। जिसे लेकर परिजन काफी हताश परेशान हैं। मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव के प्रधान अमरनाथ सोनकर का बेटा रोहित आनंद (25) जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहा करती थी। 28 नवंबर की सुबह सात बजे घर से निकला और फिर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने हर संभावित स्थानों पर उसकी काफी खोजबीन किया लेकिन लापता युवक का कुछ पता नहीं चल सका। थक हारकर परिजनों ने मेजा कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस से सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। लापता युवक का पता बताने वाले लोगों को परिजनों के द्वारा उचित इनाम दिया जाएगा।

## यातायात पुलिस प्रयागराज के द्वारा सोशल एक्टिविस्ट मोहम्मद गुफरान खान को मिला प्रशंसा पत्र




**प्रयागराज।** पुलिस लाइन में यातायात माह नवम्बर के सकुशल सम्पन्न के मोके पर विशाल कर्यक्रम यातायात पुलिस प्रयागराज के द्वारा किया गया जिसमें एनसीसी गर्ल्स, बॉयज, पुलिस कर्मियों,समाजसेवीयों को प्रयागराज पुलिस के आला अधिकारीयों द्वारा साम्मानित किया गया,जिसमें प्रयागराज के वरिष्ठ पत्रकार व सोशल एक्टिविस्ट्स मोहम्मद गुफरान खान को दुर्घटनाओं एवं सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में वाहन चालाकों,नागरिकों एवं सड़क यातायात जागरूकता लाने के उद्देष्य से किये गये उतकृष्ट कार्यो के वजह से प्रशंसा पत्र प्रदान किया है ।यातायात पुलिस प्रयागराज के द्वारा प्रशंसा पत्र मिलने से मोहमद गुफरान खान के शुभचिन्तकों एवं पुलिस विभाग के तमाम उपनिरीक्षकों ने उन्हे बधाई दिया है।

## मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी सरदार पटेल इंटर कॉलेज के छात्रों ने मारी बाजी

**कोरांव।** राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी प्रतियोगिता 2023 प्रयागराज जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज में 29 व 30 नवंबर को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो कोरांव के छात्र कार्तिकेय सिंह ने सीनियर वर्ग में कॉम्प्यूटेशनल सोच विषय में आधुनिक हेलमेट का प्रदर्शन कर पूरे मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौर तलब है कि छात्र द्वारा प्रदर्शित किए गए हेलमेट के न पहनने पर बाइक स्टार्ट नहीं होगी तथा शराब इत्यादि पीने की दशा में भी हेलमेट में लगे यंत्र बाइक स्टार्ट नहीं होने देते। सीनियर वर्ग में ही विद्यालय के छात्र मोहम्मद कैफ ने संचार एवं परिवहन उप विषय में पूरे मंडल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। छात्र द्वारा स्मार्ट स्ट्रीट लाइट का प्रदर्शन किया गया जो कि वाहनों के आने पर रात में खुद जल जाती है, तथा उनके जाने के बाद स्वयं बंद हो जाती है। प्रदर्शनी में विज्ञान अध्यापकों की भी प्रतियोगिता हुई। जिसमें सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो के जीव विज्ञान प्रवक्ता राजाराम प्रजापति को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। राजाराम प्रजापति एवं

**कार्तिकेय सिंह प्रथम तो मो. कैफ ने हांसिल किया दूसरा स्थान, प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित**



छात्रों की सफलता से अभिभूत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह ने उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की तथा आगामी प्रतियोगिताओं के लिए भी विद्यालय के समग्र सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत भी किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश ने किया रवाना

## नौ दिसम्बर को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 09 दिसम्बर 2023 को दीवानी न्यायालय, समस्त वाह्य न्यायालय व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता एवं प्रचार प्रसार के लिये प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद द्वारा जनपद न्यायालय से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रचार वाहन के उद्देश्य जन जन को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को बताना है तथा



राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को रवाना करते जनपद न्यायाधीश।

जनसामान्य को यह भी जानकारी प्रदान करना है कि वे विभिन्न न्यायालयों में लम्बित जुमार्ने से दण्डनीय मामले, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, बिजली के मामले, टेलीफोन के मामले, चेक बाउन्स के मामले, सुलह योग्य फौजदारी मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाओं को एवं बैंकों के ऋण वसूली सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन वादों एवं वैवाहिक वादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर पूर्ण एवं प्रभावी समाधान सुलह समझौता के माध्यम से दिनांक 09 दिसम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में प्राप्त कर सकते है। छोटे फौजदारी मामलों में जुर्म स्वीकार करके भी मामलें को समाप्त कराया जा सकता हैं राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये गये मामलों की कोई अपील नही होती है और समाधान का प्रभाव वैसा ही रहता है जैसा न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय का प्रभाव होता है। यह मामलों के निस्तारण सस्ता, सुलभ एवं त्वरित माध्यम है। इस मौके पर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल, जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं बड़ौदा यू0पी0 बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक, अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## पीबीपीजी कालेज में सम्पन्न हुई विषम सेमेस्टर परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रो0 राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज के विषम सेमेस्टर परीक्षा के आज तीसरे दिन प्रताप बहादुर पीजी कॉलेज प्रतापगढ़ सिटी में प्रथम पाली की परीक्षा प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में संपन्न हुई। उन्होंने आज खराब मौसम को देखते हुए सभी कमरों में प्रकाश की विशेष व्यवस्था के निर्देश दिए जिससे कि परीक्षार्थियों को समस्या का सामना न करना पड़े।

महाविद्यालय के कुल सनुशासक डॉ राजीव कुमार सिंह के निर्देशन में आंतरिक सचल दल के सदस्यों द्वारा परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई और उन्हें विश्वविद्यालय के निदेर्शों का पालन भली भांति करने के लिए कहा गया। जन सूचना अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आज प्रथम पाली में कल 298 परीक्षार्थियों में से 124 छात्र एवं 174 छात्राएं रही जिसमें से 3 छात्र अनुपस्थित रहे, जबकि छात्राओं की उपस्थिति शत



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्रोफेसर।

प्रतिशत रही। इस दौरान डॉ0 रश्मि सिंह, प्रो रामराज, डॉ देवेश सिंह, डॉ कुलदीप सिंह, जितेंद्र कुमार सैनी, डॉ प्रणव ओझा, डॉ भावना सिंह आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## राजस्व कर्मियों पर उत्पीड़न का आरोप, तहसीलदार से शिकायत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रधान के दबाव में राजस्व कर्मियों द्वारा पीड़ित ने खुद के उत्पीड़न का आरोप लगाया है। लालगंज तहसील के कटैया नेवाद निवासी मलखान सिंह ने शुक्रवार को तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके गांव में तैनात लेखपाल व कानूनगो प्रधान के दबाव में लगातार उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि बिना उसे बताये उसकी भूमिधरी को राजस्व कर्मियों ने नापजोख कराये बगैर परती घोषित कर चुका। पीड़ित ने फरियाद की है कि उसकी जमीन तथा मकान का चिन्हाकन कराकर उसका उत्पीड़न रोका जाए। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने नायब तहसीलदार लक्ष्मणपुर को मामले की जांच सौपी है।

# सगरा वार्ड में 1.89 करोड़ की लागत से बनेगा नाला, क्षेत्र का होगा सौन्दर्यीकरण

### नपाध्यक्ष ने किया नाले का शिलान्यास

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के विस्तारित क्षेत्र सगरा वार्ड के परशुराम चैराहा के पास आज शुक्रवार को क्षेत्र के जल निकासी की विकट समस्या को देखते हुए नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने एक करोड़ 89 लाख की लागत से बनने वाले नाले के निर्माण का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर हरिप्रताप सिंह ने कहा कि इस नाले के निर्माण से जहां क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था ठीक होगी, वहीं इस क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम सदर जितेन्द्र पाल, नगर पालिका के



नाले के निर्माण का शिलान्यास करते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील, मिथिलेश सिंह ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर क्षेत्रीय सभासद विनोद रजक, पुनीत कुमार दुबे, रमेश मौर्य, विनोद द्विवेदी, भजन गायक हरिशंकर मिश्र ने भी वहां मौजूद रहकर नाले के शिलान्यास पर खुशी जताई। हरिशंकर मिश्र ने भी भजन का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद द्विवेदी ने किया।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना में उदयपुर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना पूरे चैहान मुस्तफाबाद निवासी महेन्द्र सिंह के पुत्र दिलीप सिंह ने तहरीर देकर कहा है कि गुरूवार की सुबह आठ बजे वह अपने खेत की जुताई कर रहा था। इस बीच गांव के रवि प्रकाश सिंह व सत्य प्रकाश सिंह पुत्रगण रन बहादुर सिंह आ गये और मॉ बहन की गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उसे मारा पीटा। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी जांनलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर उदयपुर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ मारपीट तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

# आयुर्वेदिक औषधियों से बढ़ेगी इम्युनिटी: डा0 अवनीश

## शिविर लगाकर बताये एचआईवी संक्रमण से बचाव के उपाय

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 जयराम यादव के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय छितपालगढ़ द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन छितपालगढ़ में किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा अवनीश पाण्डेय द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गयी। इसके साथ ही लोगों को इम्युनिटी बढ़ाने के साथ एड्स एवं एचआईवी संक्रमण से बचाव के तरीके बताये।

डा अवनीश ने बताया कि एचआईवी और एड्स व्यक्ति के इम्यून सिस्टम को कमजोर करता है जिससे शरीर में कई संक्रमणों का खतरा बढ़ जाता है. ऐसे में छोटी सी चोट या बीमारी भी व्यक्ति को बहुत परेशान करती है। एचआईवी मरीजों में घाव भरने और बीमारी



शिविर में बीमारियों से बचाव की जानकारी देते चिकित्सक।

को ठीक होने में भी काफी समय लगता है. ऐसे में कुछ आयुर्वेदिक तरीके अपनाकर एचआईवी मरीज अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं जिससे उन्हें इस बीमारी से लड़ने में मदद मिलेगी। एड्स एक लाइलाज और जानलेवा बीमारी है. चार दशक बीत जाने के बाद भी अब तक इस बीमारी का इलाज नहीं मिल सका है। एड्स ह्यूमन इम्युनोडिफेशिएंसी वायरस की वजह से होता है। ये ऐसा वायरस है जिसका समय पर इलाज ना होने पर आगे चलकर भयानक रूप ले लेता है. इसका कोई ठोस इलाज नहीं है लेकिन शुरूआत में अगर पता लगा लिया जाए तो उसे एड्स में परिवर्तित होने से रोका जाता सकता है। समय पर और बेहतर इलाज मिलने पर एचआईवी पीड़ित भी बाकी लोगों की तरह ही खुशहाल जिंदगी जी सकता है. आयुर्वेद में ऐसे कई इलाज हैं जिनकी मदद से एचआईवी पीड़ित मरीज अपनी इम्युनिटी को मजबूत कर सकते हैं और इस बीमारी से लड़ सकते हैं। नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) के मुताबिक, एचआईवी से संक्रमित लोग फ्लू जैसी बीमारी का अनुभव करते हैं जो संक्रमण के दो से छह हफ्ते के अंदर दिखने शुरू हो जाते हैं। एचआईवी के कुछ लक्षणों में बुखार, गले में खराश, शरीर पर लाल चकत्ते, थकान, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं।

# भाजयुमो ने मेडिकल कालेज के 50 छात्र-छात्राओं का भराया नया मतदाता बनने का फार्म

### वोटर चेतना अभियान में जुटे हैं भाजपा से जुड़े संगठन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह व कार्यकताओं ने आज सोनेलाल स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में जाकर प्राचार्य डा0 सलिल श्रीवास्तव के सहयोग से वोटर चेतना अभियान के तहत कैम्प लगाकर 50 मेडिकल छात्र-छात्राओं का नया मतदाता बनने का फार्म-6 भराया।

भाजयुमो के जिलाध्यक्ष



राजकीय मेडिकल कालेज में नया मतदाता फार्म-6 भरते भाजयुमो के पदाधिकारी।

अंशुमान सिंह ने बताया कि प्राचार्य के सहयोग से 18 वर्ष पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को मतदाता बनाने हेतु उन्हें जागरुक कर तत्काल 50 छात्र-छात्राओं का फार्म-6 भराया गया। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के डा0 सचिन के अलावा भाजयुमो के नगर अध्यक्ष रोहित सिंह, भाजपा के पूर्व जनपदीय महामंत्री अजय सिंह, चंद्रभान सिंह, राहुल मौर्य आदि सक्रिय रहे। भाजयुमो अध्यक्ष अंशुमान सिंह ने यह भी बताया कि दो व तीन दिसम्बर को बूथों पर नये मतदाता बनने के लिये फार्म भरा सकता है। इसमें अधिक से अधिक नये मतदाता बनकर मताधिकार का हक प्राप्त करें। बता दें कि 30 नवम्बर को एमडीपीजी कालेज में भाजपा महिला मोर्चा की ओर से इसी तरह का कैम्प लगाया गया था।

## नगदी के साथ विवाहिता हुई फुर्र

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दो बच्चों की विवाहिता घर से नगदी तथा जेवरात आदि लेकर अज्ञात आरोपी के साथ फुर्र हो गयी। परेशान पति बच्चों को लेकर थाने में इंसाफ की फरियाद करता देखा गया। जेठवारा थाना के सरायआनादेव निवासी रामदुलार गौड के पुत्र राजकुमार गौड ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी पत्नी कोमल 28 नवम्बर को दिन में घर में बच्चों को छोड़कर किसी अज्ञात के साथ चली गयी। तहरीर में पति ने कहा है कि घर से उसकी पत्नी तीस हजार रुपए नगद तथा पेन व पासबुक तथा जेवरात भी लेकर निकली है। पति का कहना है कि विवाहिता डेढ़ वर्ष की मासूम बच्ची को साथ लेकर गयी है।

# हनुमान मंदिर समिति ने कराई बेटी की शादी दिए उपहार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हनुमान मंदिर चिलबिला में एक बिटिया की शादी धूमधाम से कराकर उपहार देकर विदाई की गई। मंदिर के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि ताला निवासी राजेंद्र प्रजापति ने अपने बेटी की शादी तय की थी लेकिन शादी का पूरा खर्च न होने के कारण शादी होने में दिक्कत आ रही थी।

हमें जानकारी होने पर मैंने यथासंभव व्यवस्था हनुमान मंदिर पर करवाने का आश्वासन दिया था। आज विधि विधान से दूल्हे पक्ष के लोग बरात लेकर लम्भुआ से आए। विधि विधान से शादी की सारी रस्म निभाकर विभिन्न उपहार देकर विदाई की गई। जिसमें उमरवैश्य समाज के पदाधिकारी भी शामिल रहे।

समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि मंदिर समिति ने भी यह तय किया है कि जो भी गरीब असहाय अपनी बेटी की शादी तय किए हैं और वह पूरी व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं मंदिर समिति सभी का विवाह एवं यथासंभव उपहार देकर बेटियों की शादी करने की कोशिश करेगा। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, राकेश कुमार, कैलाश मैनेजर, शोभनाथ, मदनलाल, सूरज उमरवैश्य, शनि महाराज, विजय कुमार, छेदीलाल, देवानन्द, संतोष कुमार, सूरज, ऋषभ, अमन, आशीष लाइट, आदर्श कुमार, हरि नाम सिंह, विवेक कुमार, सोनू आदि रहे।

# रोडवेज बस की टक्कर से कार सवार पिता-पुत्री की दर्दनाक मौत

## रोडवेज बस चालक व परिचालक फरार, घायलों को किया गया प्रयागराज रेफर

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के सराय आनादेव गांव के पास गुरुवार की देर रात रोडवेज बस की एक कार से हुई टक्कर में कार के जहां पचखरे उड़ गये, वहीं कार चालक पिता व उसकी पुत्री की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गये।

बताया जाता है कि सुल्तानपुर कोतवाली क्षेत्र के गड़वरिया निवासी इमरान (40) गुरुवार को कार से अपने परिवार के साथ ससुराल जेठवारा थाना क्षेत्र के लोकापुर जा रहे थे। वहां एक वैवाहिक कार्यक्रम में उन्हें शामिल होना था। कार जैसे ही सराय आना देव कुंवर मैनाथी डिग्री कालेज के पास पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद रोडवेज बस के चालक व परिचालक बस छोड़कर भाग निकले। बस की सवारियों और कार में फंसे घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पडे. और पुलिस की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। इस दौरान कार चला रहे इमरान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। इमरान को छोड़कर सभी घायलों को एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज लाया गया जहां डाक्टरों ने इमरान की पांच वर्षीय बेटी आयशा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रुप से घायल बेटे जिबरान (11), असलम (10), फरहान (8), खुशनुमा (7) व चचेरा भाई सरफराज (35) का प्राथमिक उपचार करने के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार हवा में उछलकर दूर जा गिरी।

## हादसे को दावत दे रहा है लटकता जर्जर विद्युत तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विद्युत महकमे की लापरवाही लोगों की जान की दुश्मन बन सकती है, लेकिन विभाग इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है और किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। आसपुर देवसरा उपखंड के पावर हाउस ढिंढुई से विद्युत लाइन मुजाही बाजार को जाती है। मुजाही बाजार में स्थित इंटर कॉलेज के ठीक पीछे गुजरा हुआ तार काफी नीचे लटक गया है कई बार लोगों ने लाइनमैन सहित उच्च अधिकारियों के इसके बारे में सूचना दी लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सभी अधिकारी व कर्मचारी बेफिक्र नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है,

# ओपीएस के समर्थन में दूसरे दिन बरसे 230 वोट

**दोनो दिन मिलकर कुल 652 वोट पड़े**

**उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा दफ्तर हुई गिनती**

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर हड़ताल की नोटिस देने के क्रम में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ की अगुवाई में दूसरे दिन गुरुवार को हुए मतदान में 230 वोट पड़े। पहले दिन 422 पड़े थे। दूसरे दिन शाम पांच बजे के बाद दोनों दिन हुए मतदान का बॉक्स खोलकर गिनती कराई गई। जिसमें 652 वोट मिले। इस बारे में मजदूर यूनियन के शाखा अध्यक्ष मो अफजल खां ने बताया कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर यूनियन काफी समय से सरकार के विरोध में आवाज उठा रही है। केंद्रीय महामंत्री बी सी शर्मा के आह्वान पर 29 एवं 30 नवम्बर को सीक्रेट बैलट पेपर के माध्यम से कर्मचारियों से चुनाव कराया गया दो दिन में कुल 652 वोट पड़े। कर्मचारियों में भारी उत्साह दिखा। बारिश भी उनके कदम नहीं रोक पाई और बूथ पर जाकर मतदान किया। कुल मतदान 652 रहा। जिसमें हड़ताल के समर्थन में 644 वोट पड़े। अमान्य 02 जबकि विरोध में 06 वोट पड़े। इस मौके पर शाखा पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार पांडे, अजीत कुमार पाल, धर्मेंद्र दूबे, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद यासिर, रहमत उल्ला, मो सलीम,एन बी सिंह मौजूद रहे।

# डिग्री कालेज कालाकाकर के प्रो0 प्रदीप सिंह बने आईजीआई. के उपाध्यक्ष

### कालेज के प्राचार्य व शिक्षकों ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय पी.जी. कालेज कालाकाँकर के भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार सिंह भारतीय भू-आकृति वैज्ञानिक संस्थान प्रयागराज के उपाध्यक्ष चुने गये हैं। इस संस्था के संस्थापक विश्व ख्याति प्राप्त भूगोल वेत्ता प्रो. सवीन्द्र सिंह हैं।

आई.जी.आई. संस्था स्थल रूपों का अध्ययन कर वैज्ञानिक तकनीकी के माध्यम से भूमि के व्यावहारिक उपभोग को बढ़ावा दे रही है। यह संस्था भू आकृति से सम्बन्धित विभिन्न आयामों पर प्रतिवर्ष भारत के ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालयों में सेमिनार आयोजित करती है। जिसमें देश विदेश के भू-आकृति वैज्ञानिक प्रतिभाग करते हैं। इस वर्ष यह संगोष्ठी जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली में 25 से 27 नवम्बर तक आयोजित की गयी। इसी सेमीनार में प्रो. प्रदीप कुमार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुना गया। इनकी इस उपलब्धि के लिये कालेज की




प्रो0 प्रदीप सिंह को प्रमाण पत्र देते अतिथिगण।

प्रबन्धक राजकुमारी रत्ना सिंह, राजभवन के प्रबन्धक डॉ घनश्याम यादव, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवम श्रीवास्तव ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दिया। महाविद्यालय के प्रो. सूर्यभान सिंह, प्रो. रामकरन, प्रो.विनीता सिंह, प्रो0 सर्वेश सिंह, प्रो0 श्रष्ट्री कुशवाहा, प्रो0 सत्यप्रकाश सिंह, आशुलता गुप्ता, डी सी आनंद, अब्दुल रज्जाक अहमद, अफसार अहमद आदि प्राध्यापकों ने इस उपलब्धि के लिये हार्दिक बधाई एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

## रिटायर संग्रह अमीन को साथियों ने दिया भावभीनी विदाई

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** सदर तहसील में कार्यरत राजस्व संग्रह अमीन सुरेंद्र बहादुर सिंह, व राम फकीर के आज सेवानिवृत होने पर सदर तहसील के सभागार में संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हे अंगवस्त्र व फूल मालाओ से स्वागत कर विदा किया। इस मौके पर राजस्व संग्रह अमीन संघ के जिला अध्यक्ष हरकेश बहादुर सिंह ने उनकी ईमानदारी व साफ सुथरी छवि की चर्चा करते हुए उनके सेवाकाल की सराहना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार सदर विनय कुमार द्विवेदी ने दोनों कर्मियों के स्वस्थ व दीघार्यु होने की कामना किया। संगठन के तहसील अध्यक्ष श्रीकांत के साथ पवन कुमार सिंह रिटायर दोनों कर्मियो को अंगवस्त्र व फूलमाला भेंट करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा की दशको से साथ कार्य कर रहे साथियों की बिछुड़न बहुत ही कष्ट प्रद है।

संगठन सदैव इनके सुख दुख में सहयोग करने को तत्पर रहेगा। इस मौके पर तहसील दार सदर विनय कुमार दुवेदी, नायब नाजिर शेखर शरण सिंह, सुरेश कुमार शर्मा, हरकेश बहादुर सिंह, संजय गुप्ता, संदीप पांडे, जगदीश यादव, सूरज प्रसाद, भूपेंद्र शर्मा, हरिकेश मिश्रा, जीत लाल मौर्य, लालजी पाण्डेय, कृष्णा नंद आदि साथी और तहसील के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जीवन बनेगा स्वस्थ और खुशहाल जल ज्ञान यात्रा से सीखे नौनिहाल

## नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल 'जल ज्ञान यात्रा' का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** धार्मिक नगरी कौशांबी में शुक्रवार का दिन स्कूली बच्चों के लिए बेहद खास रहा सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की पहल 'जल ज्ञान यात्रा' में शामिल होने का मौका मिला। छात्रों को इस बारे में जागरूक किया गया कि कैसे नल से शुद्ध जल के इस्तेमाल से जीवन स्वस्थ और खुशहाल बन सकता है। यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों को जल की कीमत और उससे जीवन के महत्व के बारे में बताया गया। बच्चों ने जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से मिलने वाले लाभ की जानकारी भी हासिल की। छात्रों ने जल निगम की प्रयोगशाला भी पहली बार देखी। साथ ही उन्हें पेयजल स्कीम का भ्रमण कराया गया। छात्रों ने वहां बनाई गई पानी टंकी व पम्प हाउस देखा और उसकी प्रक्रिया समझी। स्कूली बच्चों ने यात्रा के दौरान 'हर घर जल-हर घर नल' के नारे भी लगाए। जल जागरूकता के लिए निकाली गई जल ज्ञान यात्रा को जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विकासखंड चायल के उच्चतर प्राथमिक विद्यालयों के करीब 100 बच्चों ने जल ज्ञान यात्रा में भाग लिया। इस दौरान जल निगम (ग्रामीण) अधिशासी अभियंता जयपाल सिंह, अवर अभियंता रामेश्वर निराला व जे.ई. अजय कुमार भी मौजूद रहे। सबसे पहले स्कूली बच्चों को जल जांच प्रयोगशाला ले जाया गया। यहां उनको जल गुणवत्ता की जांच करके दिखाई गई। बच्चों के लिए यह नजारा एकदम नया था, इससे स्कूली बच्चों में उत्साह देखते ही बना। उन्हें शुद्ध पेयजल से होने वाले फायदों की जानकारी दी गई। छात्रों ने अधिकारियों से कई तरह के सवाल भी किये , जिसका जवाब पाकर वे संतुष्ट भी हुए। इसके बाद स्कूली बच्चों को विकास खंड कड़ा स्थित ग्राम पंचायत अफजलपुर सांतो की पेयजल स्कीम ले जाया गया। यहां उन्हें गांव-गांव के घर तक की जाने वाली शुद्ध पेयजल सप्लाई की प्रक्रिया दिखाई गई डीएम सुजीत कुमार ने यात्रा को दिखाई हरी झंडी कर रवाना किया छात्रों ने नल से शुद्ध जल के लाभ के बारे में जानकारी ली जल निगम की प्रयोगशाला में स्कूली बच्चों ने एफटीके किट से जानी जल गुणवत्ता की जांच और छात्रों ने ग्राम पंचायत अफजलपुर सांतो की पेयजल स्कीम में वाटर सप्लाई की प्रक्रिया देखी।





### जल ज्ञान यात्रा बस को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से जल ज्ञान यात्रा बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) श्री रामेश्वर निराला, सहायक अभियंता अजय कुमार, कनिष्ठ अभियंता विष्णु तिवारी संतोष सोनी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें जल ज्ञान यात्रा के माध्यम से स्कूली बच्चों को वर्तमान के जल संकट, जल संचयन एवं जल संरक्षण प्रबंधन के बारे में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रहीं अति महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहीं समस्त जल परियोजनाओं के बारे में जागरूक किया जाना है। खण्ड शिक्षा अधिकारी कौशांबी एवं चायल द्वारा चिन्हित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को जल ज्ञान यात्रा के माध्यम से अफजलपुर सातों पेयजल योजना विकास खण्ड कड़ा एवं जनपदीय जल परीक्षण प्रयोगशाला,मंझनपुर का एक्सपोजर विजिट कराया गया।

## मोबाइल टावर चोरी मामले में एसपी ने कहा झूठी चोरी की दर्ज कराई गई है एफआईआर होगी कार्यवाई

**कौशाम्बी।** जिले के संदीपनघाट थाना क्षेत्र के उजिहिनी गांव में लगे मोबाइल कंपनी के पूरे टावर के ही चोरी हो जाने की एफआईआर दर्ज होने के बाद हड़कंप मच गया,मोबाइल टावर चोरी होने की जब एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जांच कराई तो मामला पूरी तरह से झूठा निकला,एसपी ने कहा झूठा मामला दर्ज कराने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। जीटीएल इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी ने जनपद में कई स्थानों पर मोबाइल कंपनियों को नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए अपने मोबाइल टावर लगा रखे है,कंपनी ने अपना एक मोबाइल टावर संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजीहिनी गांव उबैद उल्ला पुत्र मजीद उल्ला के खेत में लगाया था, जिसकी चोरी हो जाने की एक एफआईआर कंपनी के टेक्नीशियन राजेश यादव ने संदीपन घाट थाना में दर्ज कराई है,एफआईआर में पूरा मोबाइल टावर ही चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है,जिसमे मोबाइल का पूरा टावर जिसकी कीमत लगभग 13 लाख रुपए बताई गई वह 9 महीने पहले चोरी हुआ बताया गया। पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद जब पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने इसकी जांच कराई तो मामला झूठा निकला,एसपी ने बताया कि मोबाइल टावर कंपनी के लोग जनवरी 2023 में जमीन मालिक से मामला बिगड़ जाने पर खुद ही मोबाइल टावर के सारे सामान खोलकर ले गए थे,और वह कभी थाने कोई शिकायत करने ही नही आए,और उनके ही कर्मचारी द्वारा मार्च 2023 की घटना दिखाकर आनलाइन एफआईआर दर्ज कराई गई है,एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा चोरी की घटना पूरी तरह से झूठी है ,गलत मामला दर्ज कराने वालो पर कार्यवाई की जायेगी।वही मोबाइल टावर चोरी मामले में कयास लगाए जा रहे है कि कही इंश्योरेश कम्पनी से क्लेम की रकम के लिए तो इस तरह की एफआईआर दर्ज कराई गई है,बहरहाल मामले की जांच पुलिस कर रही है,जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

# जहां से हटाया गया सिपाही उसी थाने में फिर हुई रिपोस्टिंग !

## तीन वर्ष से अधिक कार्यकाल करने के बावजूद जुगाडी कांस्टेबल ने पुनः करायी चरवा थाना में तैनाती

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने उसे थाना से स्थानांतरित कर दिया था लेकिन कुछ दिन बाद सिपाही का चरवा थाने का प्रेम नहीं छूटा और उसने फिर जुगाड़ लगाकर चरवा थाने पर रिपोस्टिंग करा ली है जबकि रिपोस्टिंग पर शासन ने रोक लगाई है कांस्टेबल अर्जुन चौधरी को पुलिस लाइन से चरवा थाना पुनः भेजा गया। जुगाडी सिपाही ने जुगाड़ लगा कर चरवा थाना में चालक के रूप में पुनः पोस्टिंग कराया है सवाल उठता है कि इस सिपाही का चरवा थाने से क्या लगाव है कि रिपोस्टिंग के नियम के विपरीत इसने फिर से चरवा थाना में तैनाती पा ली है साढ़े तीन वर्ष पूर्व चरवा थाना के बरियावां चौकी में कांस्टेबल अर्जुन चौधरी की पोस्टिंग थी। फिर भी कांस्टेबल अर्जुन चौधरी को चरवा थाने में ही कारखास के रूप में तैनात किया गया था। चरवा थाने में तीन साल तैनाती के दौरान इस सिपाही पर दलितों पिछड़ों के साथ साथ अपराधियों से मिली भगत करके धनादोहन किए जाने के गम्भीर आरोप लगते रहे समय पूरा होने के बाद इस सिपाही की करारी थाने में पोस्टिंग हुई थी करारी थाना में आमद कराने के बाद ही कारखासी हथिया लिया। लगभग 5 से 6 महीने बीतने के बाद यह सिपाही फिर सुर्खियों मे रहा। करारी थाना क्षेत्र में ओवर लोड बालू से लदी गाड़ियो को पास कराते हुए धन उगाही में पकड़े जाने पर मीडिया ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी ने कांस्टेबल अर्जुन चौधरी को लाइन हाजिर कर दिया कांस्टेबल अर्जुन चौधरी लगभग पांच छह महीने पुलिस लाइन में रहे पुलिस लाइन में रह कर जुगाडी कांस्टेबल अर्जुन चौधरी एक बार फिर अपने जुगाड़ में सफल रहे जिससे पुनः चरवा थाना में चालक के रूप भेजा गया कांस्टेबल अर्जुन चौधरी को पुनः चरवा थाना भेजने से जरायम के धन्धो के ठेकेदारों को फिर बढ़ावा मिलेगा। जरायम की सुर्खियो में चरवा थाना रहेगा। चरवा थाना क्षेत्र में जितने भी जरायम के धंधे बन्द थे इस सिपाही के पुनः चरवा थाना आने पर अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। जरायम के धंधों का बेताज बादशाह सिपाही की तैनाती के बाद चर्चा में आने लगे हैं करारी थाने से बालू लदे ओवरलोड वाहनों से अवैध वसूली करते हुए पकड़े जाने पर पुलिस अधीक्षक ने इस सिपाही को पुलिस लाइन का रास्ता दिखाया था। ऐसे घूसखोर जरायम के सिपाही को पुनः चरवा थाना भेजने पर लोगों ने नाराजगी जताते हुए पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# सिपाही की कार से कुचलकर बच्चे की मौत का मामला, लोगो ने किया चक्का जाम

प्रशासन ने परिवार को सौंपा एक लाख की सहायता राशि का चेक



**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात नशेबाज सिपाहियो की कार से कुचलकर बच्चे की मौत मामले में आक्रोशित लोगो ने शुक्रवार की सुबह फिर सड़क जाम कर दिया,सुबह सुबह सड़क जाम होने की सूचना पर तत्काल सीओ चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण और एसडीएम चायल सहित भारी मात्रा में पुलिस फोर्स पहुंची और लोगो को समझाने का प्रयास किया, लेंकिन आक्रोशित परिजन और कस्बाई मानने को तैयार नहीं हुए और आर्थिक सहायता की मांग करते हुए प्रदर्शन करते रहे। वही शासन के निर्देश के क्रम में एसडीएम चायल सहित सीओ चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण ने पीड़ित परिजनो से वार्ता कर उन्हे एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा है और अन्य सहायता देने का आश्वासन दिया है।इसके बावजूद आक्रोशित लोग काफी देर तक सड़क पर डटे रहे काफी समझाने बुझाने शासन से आपदा राहत कोष से आर्थिक मदद दिलाने और दोषियों पर कार्रवाई किए जाने के आश्वासन के बाद आक्रोशित लोग शांत हुए।



### दुर्घटना में 3 सिपाही सहित 4 पर मामला दर्ज,दो गिरफ्तार

**बच्चे को कार से कुचलने और आक्रोशित लोगो द्वारा सड़क जाम करने का मामला**

कौशाम्बी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में गुरुवार की देर शाम बच्चे को नशे में धुत कार सवार सिपाहियो द्वारा लापरवाही से कार ड्राइव करते हुए हिट एंड रन किए जाने पर एक मासूम बच्चे हिमांशु 8 वर्ष पुत्र अजय कुमार की कुचलकर मौत हो गई थी बच्चे की मौत से आक्रोशित लोगो ने प्रदर्शन करते हुए सड़क को जाम कर दिया था,जिसके बाद आक्रोशित लोग डीएम को बुलाने की मांग पर अड़ गए थे घटना के बाद मौके पर पहुंचे सीओ चायल और एसडीएम चायल की कड़ी मशक्कत के बाद और कार्यवाई के आश्वासन के बाद लोग माने और जाम को समाप्त किया।अधिकारियों के आदेश के बाद देर रात सराय अकिल थाना पुलिस ने सिपाही अभय यादव,सिपाही रोहित तिवारी,सिपाही अरुण यादव और एक अन्य गुड्डू मौर्य के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है,वही बताया जा रहा है कि किसी एक सिपाही के साथ एक अन्य को भी पुलिस ने रात में ही गिरफ्तार कर लिया है।

### दो पहिया वाहन के टक्कर लगने से बुजुर्ग हुआ घायल इलाज के दौरान हुई मृत्यु

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के रघुनाथ पुर गांव निवासी ज्ञान सिंह यादव बृहस्पतिवार के दिन सुबह लगभग 11 बजे अपनी साइकिल से भोला चौराहा आ रहे थे तभी अली पुर जीता बाजार के पास तेज और लापरवाही से चलाते हुए दो पहिया वाहन ने 58 वर्षीय बुजुर्ग के साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जोरदार टक्कर लगने से 58 वर्षीय बुजुर्ग साइकिल सहित जमीन पर गिर पड़ा।आस पास रहे लोगों ने दौड़कर आये और बुजुर्ग के घर में सूचना दी तब तक दो पहिया वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग को कड़ा सीएसी ले गए जहां डॉक्टरों ने ट्रीटमेंट करना शुरू कर दिया लेकिन तब तक बुजुर्ग ने सीएससी कड़ा में ही दम तोड़ दिया परिजनों ने सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और दो पहिया वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

### 8 लाख के जेवर सहित चार लाख नगद उठा ले गए चोर

**कौशांबी।** प्रयागराज एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भीखपुर मेड़वाड़ा गांव में सूने घर 8 लाख रुपए के जेवरात समेत 4 लाख रुपए नगद चोर कर उठा ले गए हैं परिवार के लोग जब खेत पर काम करने गए थे तो कुछ अज्ञात लोग घर की दीवार फांद कर घर के भीतर घुसे और घर के दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अंदर पहुंच गए घर के अंदर रखा 8 लाख रुपए कीमत का सोने चांदी का जेवर और चार लाख रुपये नगद चोर उठा ले गए हैं परिवार के लोग खेत पर गए थे जब वापस लौटे तो चोरी के मामले की जानकारी परिवार के लोगो को हुई तो उनके होश उड़ गए सीमा देवी पत्नी हुबलाल निवासी भीखपुर मेड़वाड़ा ने थाना पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी है मामले की जानकारी मिलने के बाद घटना के खुलासे के प्रयास में थाना पुलिस लगी है।

### पिपरी पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**तिल्हापुर मोड कौशांबी।** पिपरी पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उ0नि0 आलोकराज मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 305/23 धारा 363/366 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रामू पुत्र स्व0 कुद्दर नि0 लोधौर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को मखऊपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### नाबालिक से दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 वर्ष की सजा

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में 8 वर्ष पहले नाबालिक से दुष्कर्म के अभियुक्त संतोष कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र चंद्रपाल निवासी अमीनपुर सवरो के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्त संतोष कुमार को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है और दोषी को 10,000 रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है।

### हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में 8 वर्ष पहले हत्या के अभियुक्त राजेश पासी पुत्र साधू पासी निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्त राजेश पासी को हत्या का दोषी पाया और राजेश पासी को अदालत ने आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया और दोषी को अदालत ने 55 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# बाइक सवार 3 लोगों को डीसीएम ने मारी टक्कर तीनो गंभीर घायल

## अस्पताल में भर्ती परिजनों को देखने जा रहे थे बाइक सवार युवक



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम हनुमान मंदिर के पास शुक्रवार की देर रात्रि अनियंत्रित डीसीएम चालक ने पल्सर बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी है टक्कर मारने के बाद डीसीएम सड़क पर पलट गई है हादसे में डीसीएम चालक नहीं घायल है बताया जाता है कि डीसीएम चालक ने चलते वाहन से कूद कर अपनी जान बचा ली है जिससे पल्सर सवार युवक घायल हो गए हैं हादसे से आवागमन बाधित हो गया इस हादसे में डीसीएम के नीचे पल्सर दब गई है और बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है डीसीएम के नीचे से घायल बाइक सवारो को बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बताई जाती है जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के मखदूमपुर बरीपुर गांव निवासी शिवा उम्र 22 वर्ष पुत्र संतोष कुमार अपने साथी मोहित कुमार व सागर के साथ पल्सर बाइक से शुक्रवार की देर रात्रि लगभग 7:00 बजे नवजीवन अस्पताल जा रहे थे नवजीवन अस्पताल में उनके लोगों का इलाज चल रहा है जैसे ही बाइक सवार कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम हनुमान मंदिर के पास पहुंचे अनियंत्रित तेज गति डीसीएम चालक पहले साड से टकरा गया उसके बाद बगल में जा रहे पल्सर बाइक सवार को उसने टक्कर मार दिया है टक्कर मारने के बाद डीसीएम चालक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया है जिससे पूरी सड़क में डीसीएम का भूसा बिखर गया और आवागमन बाधित हो गया हादसे से पल्सर डीसीएम के नीचे चली गई है तेज आवाज सुनकर आसपास में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

डीसीएम की टक्कर से घायल पल्सर सवारो को बाहर निकाल कर एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस भी बचाव एवं राहत कार्य में लग गई है क्रेन की मदद से पल्सर बाइक को डीसीएम के नीचे से पुलिस ने निकाला है हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायलों को प्रयागराज रेफर कर दिया है जहां उनकी हालत गंभीर बताई जाती है मामले की जानकारी घायल के परिजनों को दी गई है परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### किसानो को पर्याप्त मात्रा में हो उर्वरक की आपूर्ति : अजय सोनी




**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की मासिक बैठक पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी प्रमुख अजय सोनी ने की। बैठक में पार्टी के तमाम कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में उर्वरक की कमी का मुद्दा लोगों ने उठाया। लोगों का कहना था कि पूरे जिले में उर्वरक की कमी के चलते किसान परेशान हैं और कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। समितियों से किसानो को उर्वरक नही मिल रही है जबकि बाजारों में अधिक दाम पर उर्वरक लेने को किसान मजबूर हैं। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि जिला प्रशासन और सहकारिता विभाग की लापरवाही के चलते किसानो को उर्वरक नही मिल पा रही है जिससे किसानो को भारी दिक्कत हो रही है। इसी के साथ अजय सोनी ने जिला प्रशासन और सहकारिता विभाग से किसानो को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति करने की मांग की। अजय सोनी ने कहा कि जल्द से जल्द जिले भर की सभी समितियों से किसानो को जरूरत के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में उर्वरक मिलनी चाहिए ताकि कृषि कार्य में परेशानी न हो। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, राजेश कुमार, फूलचंद्र लोधी, वीरेंद्र कुमार, भैरव प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

### धान खरीद में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर ए.आर. कापरेटिव को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश

**जिलाधिकारी ने की धान खरीद की प्रगति की विस्तृत समीक्षा अधिकारियों को धान खरीद में प्रगति लाने के निर्देश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ धान खरीद की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने केन्द्रवार धान खरीद की विस्तृत समीक्षा के दौरान धान खरीद में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्रगति लाने तथा किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्रय एजेंसी पी0सी0एफ0 द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष धान खरीद में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए ए0आर0 कापरेटिव को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला खाद्य विपरण अधिकारी एवं ए0आर0 कापरेटिव को प्रतिदिन क्रय केन्द्रवार धान खरीद की समीक्षा कर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने तथा केन्द्रवार की गई खरीद की आख्या प्रतिदिन उन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने खरीद किये गये धान के उठान में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को धान खरीद केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ओसा मण्डी में बनाये गये 08 खरीद केन्द्रवार अब तक की गई खरीद की समीक्षा के दौरान एफ0सी0आई0 एवं मण्डी समिति द्वारा अन्य क्रय एजेंसी के सापेक्ष कम खरीद किये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सबन्धित अधिकारियों को अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रगति न पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेंगी।बैठक में अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जन शिक्षण संस्थान में एड्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा भरवारी केंद्र पर दिनांक 1 दिसंबर 2023 को विश्व एड्स दिवस मनाया गया विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम में डॉक्टर डी एस सिंह ने एचआईवी एवं एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दिया एड्स एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जो माननीय प्रतिरक्षी अपूर्णता विष'णु एचआईवी संक्रमण के बाद होती है एचआईवी संक्रमण के पश्चात मानवीय शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घटने लगती है इसका पूर्ण रूप से उपचार अभी तक संभव नहीं हो सका है एचआईवी संक्रमित व्यक्ति में एड्स की पहचान संभावित लक्षणों के देखने के पश्चात ही हो पाती है इसी क्रम में संस्थान कें निर्देशक राजकुमार पांडे ने बताया भारत मे एड्स वायरस से सर्वाधिक संक्रमित व्यक्ति महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु में है कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह ने सभी का धन्यवाद दिया कार्यक्रम में विजेंद्र मिश्रा राजू शुक्ला अनुदेशिका रुबी कमल आंचल आदि उपस्थित रहे।

### राज्य स्तर के लिये चयनित हुआ धर्मा देवी इण्टर कॉलेज का मॉडल सम्मानित




**कौशाम्बी।** राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश,प्रयागराज द्वारा आयोजित मण्डल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2023 में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन-कनवार कौशाम्बी के आर्यन पाण्डेय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ` 12 दिसम्बर-15 दिसम्बर 2023 के मध्य मुरादाबाद में आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में करेंगे प्रतिभाग` विजेता छात्रों की सूचना पर जिला विज्ञान क्लब कौशाम्बी के जिला समन्वयक श्री वसीम अहमद एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कौशाम्बी डॉ. सच्चिदानंद यादव ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।विजेता छात्र एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को शुक्रवार को प्रातःकाल प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी द्वारा माला एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

### मुकुट पूजन व राम जन्म के साथ रामलीला के मंचन की शुरूआत



**कौशाम्बी।** सराय अकिल के चित्तापुर गांव में स्थानीय आदर्श रामलीला समिति के तत्वाधान में वर्षों पुरानी रामलीला का मंचन राम जन्म नारद मोह व रावण तपस्या की लीला के साथ गांव में अनेक वर्षों से गणेश चतुर्थी के बाद ही रामलीला का आयोजन शुरू किया जाता है। जिसमें इसी परंपरा के चलते नारद मोह, राम जन्मोत्सव की लीला के साथ इस वर्ष की राम लीला प्राम्भ की गई। जिसमें स्थानीय आदर्श रामलीला में कई जनपदों से आये कलाकारों के शानदार जीवंत अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं लीला में राम जन्म की खुशी में श्रद्धालु झूम उठे।

**भगवान ने तोड़ा नारद मुनि का घमंड :** बीती रात रामलीला अध्यक्ष ध्रुव कुमार द्विवेदी द्वारा विधि विधान वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर राम लीला का शुभारंभ कर दिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र मिश्रा,मोती लाल विश्वकर्मा,शर्मा मिश्रा प्रभु नारायण मिश्रा राहुल द्विवेदी,अभिषेक मिश्रा, करुण मदान गणेश वंदना में शामिल हुए और स्थानीय रामलीला समिति ऐसे आयोजन के लिये समिति का प्रशंसा की जो भगवान राम के जीवन चरित्र को लोगों तक रामलीला के माध्यम से पंहुचा रहे हैं। इसके बाद रामलीला का मंचन शुरु हुआ, जिसमें देव ऋषि नारद की तपस्या करते हैं। इससे देवराज इंद्र का सिंहासन डोलने लगता है और वह कामदेव को बुलाकर नारद जी की तपस्या भंग करने भेजते हैं।भगवान कामदेव नृत्यांगना को ले जाकर उनकी तपस्या भंग करवाते हैं। जब नारद जी की तपस्या भंग नहीं होती तो उनको अपनी तपस्या का अभिमान हो जाता है। तब भगवान विष्णु नादर जी अभिमान तोड़ने के लिए लीला रचते हैं और मोहिनी रुप धारण कर उपहास उड़ाते हैं। जिससे नाराज होकर नारद जी भगवान को श्राप देते हैं, इसके बाद नारद जी भगवान की लीला समझ मे आती है

**आकाशवाणी से ऋषियों को आया चैन :** कौशाम्बी धरती पर रावण और उनके अनुयायी राक्षसों के अत्याचार से घरती कांपने लगती हैं। तब देव ऋषि आदि व्याकुल हो उठे। ऋषियों ने भगवान से प्रार्थना की। तब आकाशवाणी हुई अयोध्या में राजा दशरथ के यहां भगवान राम के रूप में जन्म लेंगे। जो विष्णु भगवान के अवतार होंगे।

## संपादक की कलम से

# विनाशक पर्यावरण प्रदूषण की आग से झुलसती दिल्ली

अब सिर्फ इसी की कसर रह गई थी कि भारत का दिल, देश की राजनीति का केंद्र और ब्यूरोक्रेट्स की नगरी दिल्ली विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जा रहा है ह्ल विडंबना है कि गाजा में इजरायली की बमबारी के बाद जितना प्रदूषण वहां हुआ है उससे कहीं ज्यादा वर्तमान में दिल्ली में फैला हुआ है। दिल्ली के बाद बांग्लादेश का ढाका शहर सर्वाधिक प्रदूषित माना जाता है ह्ल दिल्ली में कई सरकारेंआई और गइं, केंद्र में भी ऐसा ही हुआ है पर दोनों सरकार एक दूसरे पर दोषा रोपण कर अपनी इति श्री कर लेती है। इसका स्थाई समाधान आज तक कोई नहीं खोज पाया और नतीजा दिल्ली शहर के बच्चे और बुजुर्ग फेफड़े और सांस की बीमारी से त्रस्त हो चुके हैं।

दिल्ली का वायु प्रदूषण करोना से भी ज्यादा स्थाई खतरा माना जा रहा है। बच्चे और बुजुर्गों के लिए खासकर उनकी स्वास नलियों तथा फेफड़ों में प्रदूषण के छोटे-छोटे कणों से उनके वायु तंत्र को अवरुद्ध कर कर उन्हें बीमार बना देते हैं। यह एक गंभीर समस्या हैह्ल पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मुंबई, कोलकाता और अन्य राज्यों की राजधानी में खासकर शीतकाल में अत्यंत चिंताजनक स्थिति पैदा हो जाती है। गर्मियों में प्रदूषण तथा गर्मी लोगों को बुरी तरह संक्रमित करती है।

दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के 8 बड़े शहर का पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण खतरे के निशान से काफी ऊपर जा चुका है, अस्थमा तथा फेफड़े की बीमारियों के मरीज की संख्या में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है और सरकारें इसे संभाल नहीं पा रही है, पूर्व में कोविड-19 का संक्रमण वायु प्रदूषण के साथ जुगलबंदी कर लोगों की जान ले रहा था। वायु प्रदूषण स्थाई समस्या है यह करोना से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। करोना का इलाज तो वैक्सीनेशन से किया जा सकता है, एवं उसकी दवाई बनाई जा सकती है, और बनाई भी जा रही है। पर वायु प्रदूषण, पर्यावरण की गंभीर समस्या जिस पर यदि लगाम नहीं लगाई गई तो लाखों लोगों को सांस की बीमारियों से बचाया नहीं जा सकेगा।

समग्र रूप से पर्यावरण में अपशिष्ट पदार्थों का बिगड़े अनुपात में मिलना ही प्रदूषण को वातावरण में जन्म देता है। वैसे तो प्रदूषण के कई प्रकार हैं, जैसे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि इत्यादि। पर वायु प्रदूषण इन सब में सर्वाधिक खतरनाक और मानवीय जीवन के लिए संहारक है। वायु में विषैली गैस के मिश्रण धूल और उद्योग द्वारा फैलाए गए जहरीले अपशिष्ट गैसों से वायु प्रदूषण तेजी से फैलता है। अमेरिकी शोध संस्थान द्वारा स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि भारत में वायु प्रदूषण से जनसंख्या के 40 से 45 प्रतिशत लोग प्रभावित हैं। एवं वायु प्रदूषण के कारण संपूर्ण जीवन में जीने के लिए 10 से 15 वर्ष तक उनकी जिंदगी के कम हो सकते हैं। क्योंकि भारत वैश्विक देशों से सर्वाधिक वायु प्रदूषित देश माना जाता है। इस शोध संस्थान द्वारा चेतावनी के साथ मशवरा भी दिया गया है कि वायु प्रदूषण को तत्काल कम करने के कारगर उपाय करने होंगे।अन्यथा देश के बड़े शहरों में और उद्योग नगरी के साथ में बसे हुए शहरों में वायु प्रदूषण से मानव जिंदगी को खतरे बढ़ सकते हैं। भारत में दिल्ली,मुंबई,कोलकाता, चेन्नई तथा मध्यम जनसंख्या वाले लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, रायपुर, इंदौर तथा उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में वायु प्रदूषण के कारण ज्यादा दमा तथा अस्थमा से मौतें हुई हैं। करोना काल में भी वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होने के कारण कई मरीजों की विषम परिस्थितियों में मृत्यु हुई है।

# कॉप-28 जलवायु नियंत्रित करने के लिये कमर कसे

धरती की पर्यावरण चिंताओं पर विचार और समस्याओं के समाधान के लिए दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) में आयोजित हो रहा संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन- कॉप-28 बहुत महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हमारे जीवन पर साफ-साफ दिखने लगा है। 2021 में हुए पेरिस समझौते में दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने की बात की गई थी, इस साल 38 से भी अधिक दिन ऐसे रहे हैं जिनमें तापमान औसत से डेढ़ डिग्री ज्यादा रहा था। इस साल तापमान में वृद्धि, महासागर की गर्मी, अंटार्कटिका की बर्फ का घटना आदि ने ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को चिन्ताजनक स्तर तक पहुंचा दिया है। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है, बार-बार बाढ़, सूखा एवं भुस्खलन हो रहा है। इसलिए, विकसित देशों को अपना कार्बन उत्सर्जन कम करने और ग्रीन एनर्जी में निवेश करने की आवश्यकता है। पर्यावरण के बिगड़ते मिजाज एवं जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों ने जीवन को जटिल बना दिया है।

वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा। रोम में सम्पन्न हुए जी-20 सम्मेलन में सभी देश धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस कम करने पर राजी हुए हैं। इसके अलावा उत्सर्जन को नियंत्रण करने के तथ्य निर्धारित किये गए हैं। जी-20 ने तो शताब्दी के मध्य तक कार्बन न्यूट्रेलिटी तक पहुंचने का वादा भी किया है। कहीं बाढ़, कहीं सूखा तो कहीं बेमौसम बरसात के चलते 2023 को दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक एक ऐसा वर्ष मान रहे हैं, जहां से पृथ्वी का पर्यावरण एक अज्ञात क्षेत्र यानी संकटकालीन परिवेश में प्रवेश कर रहा है। जाहिर



है कि कॉप-28 में अब निर्णायक एवं कार्यकारी स्तर पहुंचना होगा, सिर्फ लुभावनी योजनाओं एवं भाषणों से काम नहीं चलने वाला, जैसा कि अभी इसमें शामिल 198 देश और उनके प्रतिनिधि कोरी खानापूर्ति करते आए हैं। कॉप की बैठकें भले ही अच्छे भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिए आयोजित होती रही हों, लेकिन एक पेरिस समझौते को छोड़ दें तो अभी तक इसमें समस्या के समाधान के लिये बहुत काम नहीं हो पाया है। सभी प्रतिनिधि देशों को इस विकराल एवं ज्वलंत समस्या से निजात पाने के लिये न केवल कमर कसनी होगी, बल्कि आर्थिक सहयोग भी करना होगा।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कॉप-28 में भाग लेने दुबई पहुंच गये हैं। उन्होंने ग्लासगो में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन (सीओपी 26) में बढ़ते पर्यावरण संकट में पिछड़े देशों की मदद की वकालत की ताकि गरीब आबादी सुरक्षित जीवन जी सके। मोदी ने अमीर देशों को स्पष्ट संदेश दिया कि धरती को बचाना उनकी प्राथमिकता होनी ही चाहिए, वे अपनी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। जलवायु संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैया को लेकर भारत की चिंता गैरवाजिब नहीं है। दुनिया को जलवायु परिवर्तन की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा और इसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। अभी तक अपने स्वार्थ की वजह से दुनिया के कई देश इस दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते, खासतौर पर अमीर देश। दरअसल, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रीन एनर्जी में भारी-भरकम निवेश करना होगा और प्रदूषण फैलाने वाले ईंधनों का इस्तेमाल घटाना होगा। लेकिन इससे कुछ समय के लिए आर्थिक ग्रोथ में कमी आ सकती है। इस वजह से भी एक हिचक कई देशों में दिखती है, जिसके कारण आने वाली पीढ़ियों एवं धरती पर पर्यावरण का भविष्य खराब हो सकता है।

भारत में ग्लोबल तापमान के चलते होने वाला विस्थापन अनुमान से कहीं अधिक है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्राथमिक आपदाओं की तीव्रता आई हुई है। भारत में जलवायु परिवर्तन पर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार एनवायरमेंट एंड डवलपमेंट की जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़-सूखे के चलते फसलों की तबाही और चक्रवातों के कारण मछली पालन में गिरावट आ रही है। देश के भीतर भू-स्खलन से अनेक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भू-स्खलन उत्तराखंड एवं हिमाचल जैसे दो राज्यों तक सीमित नहीं बल्कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम और पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों में भी भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के चलते लोगों की जानें गई हैं, इन प्राकृतिक आपदाओं के शिकार गरीब ही अधिक होते हैं, गरीब लोग प्राथमिक विपदाओं का दंश नहीं झेल पा रहे और अपनी जमीनों से उखड़ रहे हैं। गरीब लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर चुके हैं। विस्थापन लगातार बढ़ रहा है। महानगर और घनी आबादी वाले शहर गंभीर प्रदूषण के शिकार हैं, जहां जीवन जटिल से जटिलतर होता जा रहा है।

भारत में नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर कई राज्यों की सरकारें आपस में उलझी हैं। किसी और को अपना पानी किसी भी हाल में न देने या किसी और से हर सूरत में पानी छीन लाने के नाम पर चुनाव लड़े और जीते जा रहे हैं। लेकिन नदियों की हालत कैसे सुधरे, उनका पानी कैसे बढ़ाया जाए और उन्हें कचरे का ढेर बनने से कैसे रोका जाए, यह बात राजनीति तो क्या नागरिक समाज के अजेंडे से भी बाहर है। एक आधुनिक कहावत है कि अपने ग्रह के साथ हम ऐसे खिलवाड़ कर रहे हैं, जैसे इसके विकल्प के रूप में कोई और ग्रह हमने बक्से में बंद कर रखा हो- यह बिगड़ जाएगा तो क्या हुआ, उससे खेल लेंगे!

अमेरिका की नैशनल इंटेलिजेंस इस्टीमेट रिपोर्ट में भारत को पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित उन 11 देशों में शामिल किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चिंताजनक श्रेणी में माने गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये ऐसे देश हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता के लिहाज से खासे कमजोर हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आने वाले समय में विश्व तापमान की दशा तय करने में चीन और भारत की अहम भूमिका रहने वाली है। आखिर चीन दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश है। भारत भले चौथे नंबर पर है, लेकिन चीन के साथ जुड़ इसलिए जाता है क्योंकि इन दोनों ही देशों में उत्सर्जन की मात्रा साल-दर-साल बढ़ रही है। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जलवायु संकट एवं बढ़ते तापमान के कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है।

जरूरत है कि कॉप-28 अमीर राष्ट्रों को संवेदनशील एवं उदार होने के साथ-साथ प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने एवं उसके प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित करें, ताकि हम जलवायु महासंकट से मुक्ति पा जाये एवं 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। ग्लोबल वार्मिंग का खतरनाक प्रभाव ही है कि गर्मियां आग उगलने लगी हैं और सर्दियों में गर्मी का अहसास होने लगा है। इसकी वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। पर्यावरण के निरंतर बदलते स्वरूप ने निःसंदेह बढ़ते दुष्परिणामों पर सोचने पर मजबूर किया है। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है। उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व मानवता के प्रति बड़ा अपराध होगा। प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई॰ पी॰ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# हिंसा और आंतकवाद मानसिक विकृति और दिवालियापन

मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है,बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है ह्ल इसराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके विभस्त उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैंह्ल यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैंह्ल भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिएह्ल

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं। आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक सांबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना हैह्ल भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका हैह्ल आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगा।

# दिव्यांगो का भी हो समुचित विकास

**रमेश सर्राफ धमोरा**

समाज में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। जिसे सुधारने की आवश्यकता है। इसीलिए हर साल 3 दिसंबर के दिन विश्व विकलांग दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1992 में हर वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की गयी। इसका उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहतें हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। किसी को इस बात की कोई फिकर नहीं हैं।

यह एक कड़वी सच्चाई है कि भारत में दिव्यांग आज भी अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर आश्रित है। दुनिया में 8 प्रतिशत लोग दिव्यांगता का शिकार है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 2.21 प्रतिशत आबादी यानि 2.68 करोड़ लोग किसी न किसी तरह की दिव्यांगता से ग्रस्त है। दिव्यांग जनसंख्या में 56 प्रतिशत (1.5 करोड़) पुरुष हैं और 44 प्रतिशत (1.18 करोड़) महिलाएं हैं। दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। शारीरिक अभावों को यदि प्रेरणा बना लिया जाये तो दिव्यांगता व्यक्तित्व विकास में सहायक हो जाती है। यदि सोच सही रखी जाये तो अभाव भी विशेषता बन जाते हैं। दिव्यांगो का मजाक बनाना, उन्हें कमजोर समझना एक भूल और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 दिसंबर 2015 को अपने रेडियो संबोधन ह्यमन की बातह्ल में कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक ह्यदिव्य क्षमताह्ल है और उनके लिए ह्यविकलांगह्ल शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगो को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है। आज भी समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगों को दयनीय दृष्टि से ही देखा जाता है। भले ही देश में अनेको दिव्यांगों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हो मगर लोगों का उनके प्रति वहीं पुराना नजरिया बरकरार है।

विकलांगों के अधिकारों के लिए काम कर रहे संगठन नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइटस ऑफ डिसएबिल्ड ने प्रधानमंत्री मोदी के दिव्यांग शब्द पर उनको पत्र लिखकर कहा कि था कि केवल शब्द बदलने मात्र से ही विकलांगों के साथ होने वाले व्यवहार के तौर तरीके में कोई बदलाव नहीं आएगा। सबसे बड़ी जरुरत विकलांगों से जुड़े अपयश, भेदभाव और हाशिए पर डालने के मुद्दों पर ध्यान देने की है। ताकि वो देश की राजनीति के साथ साथ आर्थिक, सामाजिक विकास में बेहतर भागीदारी कर सकें।

दुनिया में बहुत से ऐसे दिव्यांग भी हुए हैं जिन्होंने अपने साहस संकल्प और उत्साह से विश्व के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अपना नाम लिखवाया है। शक्तिशाली शासक तैमूर लंग हाथ और पैर से शक्तिहीन था। मेवाड़ के राणा सांगा तो बचपन में ही एक आंख गवाने तथा युद्ध में एक हाथ एक पैर तथा 80 घावों के बावजूद कई युद्धों में विजेता रहे थे। सिख राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख बचपन से ही खराब थी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चंद्रन के दाई टांग नहीं थी। फिल्मी गीतकार कृष्ण चंद्र डे तथा संगीतकार रविंद्र जैन देख नहीं सकते थे। पूर्व क्रिकेटर अंजन भट्टाचार्य मूकबधिर थे। वर्ल्ड पैरा चैम्पियनशिप खेलों में झुंझुनू जिले के दिव्यांग खिलाड़ी संदीप कुमार व जयपुर के सुन्दर गुर्जर ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया है।

भारत में आज भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र हासिल करना किसी चुनौती से कम नहीं है। सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों के कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी लोगों को मायूस होना पड़ता है। हालांकि सरकारी दावे कहते हैं कि इस प्रक्रिया को काफी सरल बनाया गया है, लेकिन हकीकत इससे काफी दूर नजर आती है। दिव्यांगता का प्रमाणपत्र जारी करने के सरकार ने जो मापदण्ड बनाये हैं। अधिकांश सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक उनके अनुसार दिव्यांगो को दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र जारी ही नहीं करते है। जिसके चलते दिव्यांग व्यक्ति सरकारी सुविधायें पाने से वचिंत रह जाते हैं।

सरकार द्वारा देश में दिव्यांगो के लिए कई नीतियां बनायी गयी है। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगो के लिए सरकार ने पेंशन की योजना भी चला रखी है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं उन दिव्यांगो के लिए महज एक मजाक बनकर रह गयी हैं। जब इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है।

हमारे आस पास कई ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने अपनी दिव्यांगता के बाद भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण मिलेंगे जो बताते है कि सही राह मिल जाये तो अभाव एक विशेषता बनकर सबको चमत्कृत कर देती है। यदि दिव्यांग व्यक्तियों को समान अवसर तथा प्रभावी पुनर्वास की सुविधा मिले तो वे बेहतर गुणवत्तापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकते हैं। भारत में दिव्यांगो की मदद के लिए बहुत सी सरकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। लेकिन इतने वर्षो बाद भी देश में आज तक आधे दिव्यांगो को ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुहैया कराया जा सका है। ऐसे में दिव्यांगो के लिए सरकारी सुविधाएं हासिल करना महज मजाक बनकर रह गया हैं।

देश में दिव्यांगो को दी जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सिमटी हुई हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां दिव्यांगो को एक चौथाई सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। केन्द्र सरकार ने देशभर के दिव्यांग युवाओं को केन्द्र सरकार में सीधी भर्ती वाली सेवाओं के मामले में दृष्टि बाधित, बधिर और चलने-फिरने में दिव्यांगता या सेरेब्रल पल्सी के शिकार लोगों को उम्र में 10 साल की छूट देकर एक सकारात्मक कदम उठाया है। दिव्यांगता शारीरिक अथवा मानसिक हो सकती है किन्तु सबसे बड़ी दिव्यांगता हमारे समाज की उस सोच में है जो दिव्यांग जनों से हीन भाव रखती है। जिसके कारण एक असक्षम व्यक्ति असहज महसूस करता है।

आधुनिक होने का दावा करने वाला हमारा समाज अब तक दिव्यांगो के प्रति अपनी बुनियादी सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं ला पाया है। अधिकतर लोगों के मन में दिव्यांगों के प्रति तिरस्कार या दया भाव ही रहता है। ऐसे भाव दिव्यांगो के स्वाभिमान पर चोट करते हैं। भारत में दिव्यांगो की इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद इनकी परेशानियों को समझने और उन्हें जरूरी सहयोग देने में सरकार और समाज दोनों नाकाम दिखाई देते हैं।

अब दिव्यांग लोगों के प्रति अपनी सोच को बदलने का समय आ गया है। दिव्यांगो को समाज की मुख्यधारा में तभी शामिल किया जा सकता है जब समाज इन्हें अपना हिस्सा समझे। इसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है। हाल के वर्षों में दिव्यांगो के प्रति सरकार की कोशिशों में तेजी आयी है। दिव्यांगो को कुछ न्यूनतम सुविधाएं देने के लिए प्रयास हो रहे हैं। हालांकि योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सरकार पर सवाल उठते रहे हैं। पिछले दिनों क्रियान्वयन की सुस्त चाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फटकार भी लगायी थी। दिव्यांगो को शिक्षा से जोडना बहुत जरूरी है। मूक-बधिरों के लिए विशेष स्कूलों का अभाव है। जिसकी वजह से अधिकांश विकलांग ठीक से पढ़-लिखकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं बन पाते हैं।

# आंतरिक तथा बाह्य सुरक्षा से सतर्क रहें भारत। चीन और पाकिस्तान पारंपरिक दुश्मन

भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रपतियों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक संवेदनहीन,लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। इसी तरह इसराइल हमास युद्ध में इसराइल को खुला समर्थन देकर अमेरिका ने विस्तारवाद तथा साम्राज्यवाद की आग को हवा देने का काम किया है और लगभग 2 हजार लोगों की जान को जिंदगी से वंचित कर दिया है। दूसरी तरफ भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है। भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक सामाजिक आर्थिक विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है और भारत की सीमाएं 7 जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष एवं शांति, सद्भावना की रही है। भारत के साथ पड़ोसी देशों में भूटान,बांग्लादेश श्रीलंका ,मालदीव ,सदैव भारत के साथ मित्रवत रहे हैं किंतु चीन तथा पाकिस्तान ने हमेशा भारत के हितों का नुकसान की चाहा है भूटान, बांग्लादेश, और बांग्लादेश ने भारत से अपने संबंध अपने हितों से जोड़कर कई संधियों में हस्ताक्षर किए ,जिसके कारण दोनों देशों ने मिलकर कई पावर प्लांट, पावर ट्रांसमिशन लाइन,1 बंदरगाह की विकास रेल लाइन निर्माण आदि में एक दूसरे का साथ दिया है। मालदीव एक एसा देश है जिसका दक्षिण तथा अरब सागर में सामरिक महत्व है, इसलिए भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन पाकिस्तान के अलावा नेपाल से भी भारत के संबंध बहुत मधुर कभी नहीं रहे हैं नेपाल में चीन तथा पाकिस्तान के हस्तक्षेप के कारण नेपाल भारत की आलोचना करता आया है। पाकिस्तान का इस्लामिक कट्टरपंथ एवं वहां की सेना तथा पाकिस्तानी शासन के हुक्मरान भारत को अपना दुश्मन नंबर एक मानते हैं। भारत का नेपाल के साथ सीमा विवाद है जिसके चलते नेपाल का नजरिया भारत के प्रति बदलता गया है। भारत और चीन के संबंध 1962 के बाद से सभी सामान्य नहीं रहे हैं। लाइन आफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश तथा लद्दाख में सदैव अतिक्रमण किया है और भारत का चीन से डोकलाम, पपेंगांग, गलवान क्षेत्रों में सैनिक स्तर का विवाद होता रहा है और एलएसी पर चीन और भारत में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। इसी बात में अमेरिका भारत के साथ है किंतु रूस इस मामले में निरपेक्ष नीति अपनाए हुए हैं। यह अलग बात है कि अमेरिका भारत का स्वतंत्रता के बाद से तभी सहयोगी मित्र नहीं रहा है और रूस ने परंपरागत रूप से अपनी मित्रता भारत के साथ अलग-अलग घटनाओं तथा युद्धों में साबित की है। यह तो तय है कि भारत में आतंकी गतिविधियां आंतरिक सुरक्षा के लिए हमेशा खतरा बनी हुई थी और है। इसके अलावा एल ए सी तथा एलओसी में चीन तथा पाकिस्तान जैसे देशों से हमें मुकाबला करना होगा। पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर है पर चीन की मदद तथा उकसावे के कारण पाकिस्तान भारत को एक बड़ा दुश्मन मानती है। वैसे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार की सभी देशों से अच्छी मित्रता है एवं भारत को शांति का पक्षधर माना जाता है किंतु रूस यूक्रेन युद्ध में यह बात एकदम स्पष्ट उभर कर आई है कि किसी भी युद्ध में देश को अपनी सुरक्षा खुद की शक्ति एवं सामर्थ्य से करनी होगी। अमेरिका जैसे देश बाहर से तमाशा देखने वाले देशों में माने जाते हैं। अतः भारत को अपनी आंतरिक तथा सीमा की सुरक्षा स्वयं के शक्ति तथा सामर्थ से ही करनी होगी एवं हमेशा सतर्कता बरतनी होगी।

# चित्रकूट संदेश

## श्रमिकों के कल्याण का विधायक ने उठाया मुद्दा

### भैसौंधा में इंटर कालेज खोलने की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**



सदर विधायक अनिल प्रधान।

**चित्रकूट।** विधान सभा शीतकालीन सत्र में श्रमिकों के कल्याण को योजनाओं में अधिकारियों की अनियमितता को सदन में रखते हुए सदर विधायक अनिल प्रधान ने श्रम मंत्री से कहा कि श्रमिकों को कोई लाभ नहीं मिल रहा। शुक्रवार को विधायक अनिल प्रधान ने सदन को बताया कि श्रमिकों के कल्याण को शिक्षा, मातृत्व, शिशु, बालिका मदद योजना, कन्या विवाह, मृत्यु, दिव्यांगता की योजनायें चल रही है। उनके विधानसभा चित्रकूट व जिले में भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई हैं। उनके बार-बार शासन -प्रशासन से करने के बाद भी दो वर्षों में श्रमिकों के हित के काम नहीं किये जा रहे। आकांक्षी जिला चित्रकूट में एक वर्ष बीतने पर भी श्रम प्रवर्तन अधिकारी की तैनाती नहीं की गई। मानिकपुर में तैनात अधिकारी श्रमिकों को लाभ पहुंचाने की बजाय आवेदन निरस्त करने में रुचि रखते हैं। 15 दिन मुख्यालय कानपुर में रहते हैं। 15 दिन जिले में रहते हैं। पंजीकृत श्रमिक श्रम विभाग के चक्कर लगाते हैं।

उन्होंने कहा कि जिले में तैनात सहायक श्रमायुक्त ने जुलाई 2023 में सात सौ पत्रावलियों को बिना भुगतान के पुनः जांच को भेजा। जिलाधिकारी ने 23 सितंबर को कार्यवाही को प्रमुख सचिव श्रम को पत्र भेजा था, कोई कार्यवाही नहीं हुई। जांच में आनन-फानन में 5000 फाइलों में 150 फाइलों को मंजूर किया। विधायक अनिल प्रधान ने अनुपूरक प्रश्न में प्रदेश में श्रम आयुक्त के 20 कार्यालय होने की बात कही। सरकार से मांग किया कि प्रदेश में अपर/श्रमायुक्त के 30 कार्यालय खोले जायें, ताकि श्रमिकों को सुविधाओं का लाभ मिल सके। नियम 301 के तहत भैसौंधा में राजकीय इंटर कॉलेज खोलने की मांग की। कुचारम से परसौंजा, बरवारा में संपर्क मार्ग चैड़ीकरण की मांग की।

### एसपी के निर्देश पर चार पर हुआ मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यावही में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले पुष्पराज पुत्र राजेश, सनी पुत्र नरेन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह पुत्र कोलहा निवासी गढ़चपा व मुन्सी उर्फ राजेन्द्र पुत्र प्रेम पटेल निवासी रामपुर कल्याणगढ़ के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अराजकतत्वों में हलचल मची है।

## निर्वाचक की विशेष तिथियां निर्धारित: एडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक जनवरी 2024 पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 में आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 27 अक्टूबर को किया जा चुका है। नौ दिसम्बर तक प्रकाशित की जायेगी।

शुक्रवार को उन्होंने आयोग के निर्देश पर दावे/अपत्तियां लेने को छह विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की हैं। दो व तीन दिसम्बर को विशेष अभियान तिथि है। विशेष अभियान तिथियों में निर्वाचक नामवालियां सम्बन्धित मतदान केन्द्रों, बूथ लेबिल अधिकारियों व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में जनसामान्य के निःशुल्क निरीक्षण व दावे/आपत्तियां लेने को उपलब्ध रहेंगी। विशेष अभियान तिथियों में सभी बूथ लेबिल अधिकारी व पदाभिहित अधिकारी सम्बन्धित मतदान स्थलों पर सवेरे नौ से शाम चार बजे तक मौजूद रहेंगे। शेष विशेष अभियान में दो व तीन दिसम्बर को जिले के ऐसे विद्यालय/कालेज/भवन जिनमें मतदेय स्थल हैं। पदाभिहित अधिकारी व बूथ लेबिल अधिकारियों के प्रयोग व दावे/आपत्तियां लेने को अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे।

आयोग के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष में डिस्ट्रिक्ट कान्टैक्ट सेन्टर स्थापित है। डिस्ट्रिक्ट कान्टैक्ट सेन्टर का टोलफ्री नम्बर-1950 है। निर्वाचक नामावली सम्बन्धित कोई भी जानकारी/शिकायत को टोलफ्री नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# मराठा इमारत: कहां से आ गई अचानक अवमानना ?

## खबर का हुआ असर, लोगों की भावनाओं पर बुलडोजर चलना लोस चुनाव में भाजपा को पडेगा भारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तीन दिन से लगातार 12 सौ वर्ष पुरानी मराठा कालीन/पुरानी कोतवाली परिसर में चल रहा बुलडोजर आज थम गया है। खबरों के बडे पैमाने पर असर के चलते बुलडोजर तो थम गया है, लेकिन ऐतिहासिक मराठा कालीन इमारत पर बुलडोजर चलने का मुद्दा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी पडने के आसार हैं। ऐतिहासिक इमारत को संरक्षित करने की बजाय, इस पर बुलडोजर चलना लोगों की भावनाओं पर चलने के समान है।

फिलहाल मोदी-योगी के ऐतिहासिक इमारतों को संरक्षित करने के जोर-शोर से चले मेरी माटी-मेरा देश के कार्यक्रम चलाने वालों ने मराठा कालीन इमारत पर बुलडोजर कैसे चलवा दिया। इस साजिश का पदार्फाश होना बेहद जरूरी है। मराठा कालीन इमारत में बुलडोजर चलवाने की कार्यवाही में कौन-कौन लोग क्यों शामिल रहे, जबकि मोदी-योगी ऐसी कार्यवाही के सख्त खिलाफ हैं। वे ऐतिहासिक इमारतों को संरक्षित कर विरासत को बचाये रखने के मुंतजिर हैं। श्रेणी 15 की गाटा संख्या 610 में बनी मराठा कालीन इमारत में कोई भी छेडछाड नहीं कर सकता। छेडछाड के पहले शासन से अनुमति लेना सख्त जरूरी है। इस बात को दरकिनार कर छेडछाड करने वाले नगर पालिका के ईओ लालजी यादव की भूमिका खासी संदिग्ध प्रतीत होती है, उन्हें ये भी पता नहीं है कि श्रेणी 15 की जमीन पर कोई भी दखलंदाजी नहीं की जा सकती, तो वे ईओ किस बात के हैं।



इमारत में नहीं चला आज बुलडोजर।

ये तो साफ है कि गाटा संख्या 610 पुरानी कोतवाली की भूमि नगर पालिका की कतई नहीं है, इस भूमि की 1430 फसली खतौनी में सिर्फ तन्हा मालिक चैधरी छोटेलाल हैं। ऐसे में भूमि पर बनी मराठा कालीन इमारत के क्षतिग्रस्त करने की जवाबदेही तय की जाये। इसे क्षति पहुंचाने वालों के नाम उजागर किये जायें। ऐसे लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्यवाही भी की जाये। भाजपा के पास लोकसभा चुनाव में कोई खास मुद्दा नहीं है, ये जिला भी बसपा सरकार ने मई 1997 में बनाया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में मुख्य विपक्षी दल सपा इसे मुद्दा बनाकर उछाल सकता है।

ईओ नगर पालिका लालजी यादव ने कहा कि अवमानना के चलते काम बन्द कराया है, ये जवाब संतोषजनक प्रतीत नहीं होता है। अचानक अवमानना का मामला कहां से आ गया। इसमें किसी बडे अधिकारी का दखल प्रतीत होता है। इस इमारत को गिराने में साजिश की गन्ध आ रही है। इसी परिसर में बनी नई इमारत के तकरीबन तीस लाख रुपये के खिडकी-दरवाजे ठेकेदार उखाड ले गये हैं। इसकी भी जिम्मेदारी तय की जाये।

### ऐतिहासिक धरोहर को मिटा रही सरकार: पंकज

**अखंड भारत संदेश**



कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा।

**चित्रकूट।** आल इंडिया कांग्रेस कमेटी सदस्य/पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों को मिटाने का सरकार की शह पर प्रशासन की ये साजिश है। नजूल भूमि नगर पालिका की कैसे हो गई? क्या जमीन को नगर पालिका ने हस्तांतरित करने की वैधानिक प्रक्रिया का पालन किया है? महत्वपूर्ण है कि ये ऐतिहासिक इमारत प्राचीन सभ्यता की धरोहर है। इसे संरक्षित करने की बजाय नष्ट करने का कुचक्र जारी है। ये बात अचंभित करती है कि छोटी-छोटी बात पर कोठी तालाब के विकास पर अड़चनें पैदा करने वाले पुरातत्व विभाग की घिघ्घी बंधी है। ये सीधे तौर पर जिला प्रशासन व भूमाफियाओं की मिलीभगत प्रतीत होती है। जिलाधिकारी सार्वजनिक रुप से इस पर जवाब दें। ये लड़ाई सड़क से लेकर सदन व न्यायालय में लड़ी जाएगी। प्रशासन को मनमानी नहीं करने देंगे।

## विकास-स्वच्छता के दावों की पोल खोल रहा ममसी बुजुर्ग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों को स्वच्छ-सुन्दर बनाने की जगह गंदगी का अंबार लगा है। कोई ध्यान देने वाला नहीं है, सिर्फ कागजों में ही स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। फर्जी जांच आख्या दिखाकर स्वच्छता का कोरम पूरा किया जा रहा है।

शुक्रवार को पहाडी ब्लाक के ममसी बुजुर्ग गांव में स्वच्छता की धज्जियां उडती नजर आईं। गांव की गलियों में कीचड़ युक्त पानी भरा है, नालियां गंदगी से बजबजा रहीं हैं। प्रधान व सचिव ध्यान नहीं दे रहे हैं। कीचड़ युक्त रास्तों से निकलने को ग्रामीण मजबूर हैं। कीचड़ युक्त रास्तों में गंदगी से बजबजाती नालियों में चलते ग्रामीण गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। नन्हे-मुन्ने बच्चो पर भी गंम्भीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।





ममसी बुजुर्ग का पंचायत भवन।

शौचालयों की दशा दयनीय है। शौचालय निर्माण में धांधली की गई है। लोग खुले में शौच जाते हैं। गांव बदहाली का रोना रो रहे हैं। प्रधान व सचिव विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन को ठिकाने लगा रहे हैं। गांव में 2022/23 में पंचायत भवन से रज्जी के घर तक कराये इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण में धांधली की गई है। निर्माण कार्य अधूरा छोड़ा है, भुगतान पूरा सात लाख रुपए निकाल लिया है। स्वीकृति लागत सात लाख तीन हजार थी, प्रधान रामकेश व सचिव ज्ञानेन्द्र सिंह ने अधूरे निर्माण का भुगतान कर बंदरबाट किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना आवंटन में धांधली की है। अपात्रों को आवास का लाभ दिया है। शासन स्तर से जॉच भी हुई, खण्ड विकास अधिकारी को दोषी भी पाया था, लेकिन पहाड़ी ब्लाक के वरिष्ठ सहायक आवास पटल रमेश प्रसाद पटेल ने जांच आख्या में सहायक विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह के हस्ताक्षर कराकर जॉच आख्या शासन को भेजी थी, दोषी खण्ड विकास अधिकारी को बचाने का प्रयास किया है।

### मारकुंडी पुलिस ने सात वारंटी महिलाओं को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में दरोगा रमजानी खां की टीम ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के वारंटी साकेत पत्नी बाबूलाल कोल, रन्नू पत्नी रामशरण कोल, बच्ची पत्नी गुलाब कोल, पैसूनी पत्नी रामभवन कोल, गोबिंद पत्नी लवकुश कोल, उमा पत्नी हेमराज कोल, श्यामकली पत्नी सिपाहीलाल निवासी जारोमाफी को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा रमजानी खां, सिपाही प्रमोद कुमार, महिला सिपाही शिवानी व रूबी शामिल रहीं।

## कैंटीन से सैनिकों को छूट में मिलेगी सामग्री: एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने गुरु कृपा पब्लिक स्कूल के पास एक्स पैरामिलेट्री फोर्स कैंटीन का फीता काटकर शुभारम्भ किया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने कैन्टीन का फीता काटकर शुभारम्भ कर कहा कि कैंटीन में सैनिक, अर्धसैनिक बल, प्रादेशिक पुलिस, पीएसी, रेलवे पुलिस, होमगार्ड्स, एनसीसी कैडेट्स को लाभ मिलेगा। कैंटीन में खरीदारी से इस परिधि में आने वाले सभी अधिकारी/ कर्मचारी को पहचान-पत्र दिखाने पर लाभ मिलेगा। कैंटीन में अनुदान में सामग्री मिलेगी।



कैंटीन का शुभारम्भ करती एसपी।

शुभारम्भ पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनन्द त्रिपाठी, पीआरओ गुलाब त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### जिले में धारा 144 लागू: एडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिला मजिस्ट्रेट बंदिता श्रीवास्तव ने पर्व व त्योहार के मद्देनजर जिले में धारा 144 लागू की है।

शुक्रवार को एडीएम ने बताया कि परीक्षाओं व त्योहारों के मद्देनजर जिले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने को धारा 144 लागू की गई है। अराजकतत्वों व आतंकवादी गतिविधियों के विरोध में जिले में चार सितम्बर को धारा 144 लागू की गई थी। उसकी अवधि तीस नवम्बर को समाप्त हो गई थी। सूबे के विशेष सचिव के निर्देश पर इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की एक दिसम्बर से नौ दिसम्बर तक होने वाली परीक्षा के चलते धारा 144 लगाई गई है। दिसम्बर से फरवरी के बीच होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के चलते 28 फरवरी तक इसे वापस न लिया तो धारा 144 के आदेश प्रभावी रहेंगे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के पांच आदमी से ज्यादा समूह में नहीं चलेगा व न कोई जुलूस निकालेगा। अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने की भी मनाही है। कोई भी व्यक्ति अफवाह नहीं फैलायेगा। अपने घरों में ईंट-पत्थर नहीं एकत्र करेगा। ऐसा करने पर उसके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही होगी।

## बालिकाओं को निर्भीक होकर रहने की दी प्रेरणा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी मिशन शक्ति अभियान-4 में जिले के थानों की एंटी रोमियो टीमों/शक्ति दीदी ने सार्वजनिक स्थल व गांवों में भ्रमण कर महिला/बालिकाओं को जागरुक किया।

शुक्रवार को मिशन शक्ति-4 व शक्ति दीदी अभियान में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिले की नोडल अधिकारी/मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थाना क्षेत्रो में एंटी रोमियों टीमों ने सार्वजनिक स्थलों व गांवों का भ्रमण किया। महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी ने चैराहे, बाजारों से असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने व उन्हें राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन आदि घटनायें रोकने को जागरुक किया। महिला/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत फोन नम्बर बताये।



महिलाओं से बात करती एंटी रोमियो टीम।

इस दौरान मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को बताया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता को हैल्पडेस्क है। महिला पुलिसकर्मी महिलाओं की शिकायत सुनती है व समय से निस्तारण करती हैं। मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों बाबत पंपलेट बांटे। विस्तार से बताया कि महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर निर्भीक होकर उपयोग करें। महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने की सलाह दी। एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में बताया कि सादे वस्त्रों व प्राइवेट वाहनों से स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास जहां महिलाओं/ बालिकाओ का आवागमन होता है, भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो पर कार्यवाही की जाती है।

## महिला वोटरों को बनायें मतदाता: अनिल यादव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कॉलेज में भाजपा महिला मोर्चा ने चेतना वोटर महा अभियान के तहत लगे कैंप में मतदाता सूची पुनरीक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर फॉर्म भरवाये। महिला मतदाता जोड़ने को जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला प्रभारी अनिल यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने लोकसभा में वोट के महत्व को समझाते हुए कहा कि ये वोट की ताकत है कि केंद्र व प्रदेश में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबके प्रयास पर कार्य करने वाली देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है। नौ वर्षों में अतुलनीय कार्य हुए हैं। ये सभी विकास कार्य अनवरत जारी रहें, कोई भी व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रहे। एक बार फिर ज्यादा से ज्यादा वोटों से पुनः भाजपा को जिताना है।



महिला मोर्चा के कैम्प में भाजपा पदाधिकारी।

जिला प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि महिला मोर्चा के कैंप में नए मतदाता जोड़ने को महिला वोटरों को जोड़ा जाए। चेतना महाअभियान में महिला कार्यकर्ता घर-घर अभियान चलायें। पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता घर-घर दस्तक दें। प्रत्येक घर की दहलीज व गांव की चैपाल तक महिला कार्यकर्ता पहुंचे। नव मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें पार्टी से जोड़ें, ताकि फिर भाजपा की सरकार बनाई जा सके। 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले को मतदाता बनायें। महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने महाअभियान में पार्टी की महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। वोटर चेतना महाअभियान से लोकसभा चुनाव में जीत आसान होगी।

इस मौके पर भाजपा नेता दिनेश तिवारी, आलोक पांडेय, रणवीर सिंह चैहान, मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल, विनीत द्विवेदी, अखिलेश रैकवार, सुखेंद्र सिंह, हीरो मिश्रा, राखी चैबे, आराधना यादव आदि मौजूद रहे।

## कोतवाली के आवासीय निर्माण जल्द करें पूरे: एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने कोतवाली कर्वी का औचक मुआयना कर निर्देश दिये कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली कर्वी का निरीक्षण कर कहा कि निमार्णाधीन आवास, विवेचना कक्ष, आरक्षी बैरिक, भोजनालय व आवासीय परिसर को दुरुस्त रखें। कोतवाल को निर्देश दिये कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें। उन्होंने निमार्णाधीन आवास के कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। आवासीय परिसर एवं कोतवाली परिसर की सड़कों की मरम्मत करवाने को प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये।



कोतवाली कर्वी का निरीक्षण करती एसपी।

इस मौके पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ गुलाब त्रिपाठी, कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग से परेशान उपभोक्ता करेगा आत्महत्या

**चित्रकूट।** विद्युत विभाग के हाल-बेहाल हैं। छह माह पहले कटे कनेक्शन के बाद भी उपभोक्ता को बिल दिया जा रहा है। सांसद आरके सिंह पटेल व मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। ये मामला है मानिकपुर तहसील के गढचपा गांव का। जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह बघेल के नाम चक्की का विद्युत कनेक्शन था। ये कनेक्शन छह माह पहले कट गया था। विद्युत विभाग के लोग ट्रांसफार्मर व मोटर आदि भी उखाड लाये थे। पीडित/भाजपा नेता अरुण सिंह बघेल उर्फ मिन्टू सिंह ने बताया कि बिजली विभाग बिल दर बिल भेज रहा है।



पीडित मिन्टू सिंह।

कनेक्शन काटने के बाद भी पीडित की कहीं नहीं सुनी जा रही। पीडित ने बताया कि वह अपनी फरियाद जिले के आला अधिकारियों को सुना चुका है, कहीं समाधान नहीं मिल रहा। विद्युत विभाग की लापरवाही से वह मानसिक रुप से परेशान है। चेताया कि विद्युत विभाग ने समस्या का समाधान न किया तो पीडित आत्महत्या को मजबूर होगा।

### गड्ढा मुक्त न करें तो टोल बूथ करायें बन्द: अखिलेश

**चित्रकूट।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष/ प्रान्तीय संगठन मंत्री अखिलेश पाण्डेय ने सांसद व विधायक को लिखे पत्र में कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 35 को गड्ढामुक्त करवाया जाये। शुक्रवार को शिक्षक नेता ने सांसद-विधायक का लिखे पत्र में कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 35 कर्वी जिला मुख्यालय से लेकर मुर्का तक दो दर्जन स्थानों पर रोड धंस गयी है। वाहन चालक को दूर से गड्ढे नजर नहीं आते। नजदीक जाने पर अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से वाहन टकराने का खतरा रहता है। ब्रेक न लगाने पर गड्ढे में वाहन बेकाबू होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि एक माह पहले कालूपुर प्राथमिक विद्यालय के पास इसी तरह के गड्ढे में शिक्षकों की कार व बाइक बेकाबू होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिससे दो बाइक सवारों की मृत्यु हो गयी थी। इस मार्ग पर अक्सर हादसे होते रहते हैं। इस खराब सडक में राजमार्ग मे दो स्थान पर टोलबूथ हैं। आम जनता को टोल टैक्स देना पडता है, जबकि सम्बंधित टोल बूथ की जिम्मेदारी है कि रोड को गड्ढा मुक्त कर आवागमन लायक बनाये, ताकि हादसे न हों। ऐसा न करने पर टोल बूथ बंद करवाये जायें। मुख्यमंत्री की मंशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग को गड्ढामुक्त कराया जाये।

## फर्जी हिंदू देश से समझौते के कारण पराग्वे में बड़ा विवाद



**अमरीका**

स्वयंभू भारतीय धर्मगुरु नित्यानंद द्वारा स्थापित एक काल्पनिक देश युनाइटेड स्टेट्स ऑफ कैलासा के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद मजाक और आलोचना का शिकार पराग्वे के एक अधिकारी को इस्तीफा देना पड़ा है. नित्यानंद भारत से भागा एक स्वयंभू धर्मगुरु है और आरोप है कि उसके प्रतिनिधियों ने पराग्वे में कई अधिकारियों को बेवकूफ बनाया.

युनाइटेड स्टेट्स ऑफ कैलासा के साथ मेमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर दस्तखत करने की घटना के बाद पराग्वे में बड़ा विवाद खड़ा हो गया था. सोशल मीडिया पर उस अधिकारी का खासा मजाक उड़ाया गया.

**कइयों को दिया गच्चा**

यह पहली बार नहीं था कि इस काल्पनिक देश के कथित प्रतिनिधियों ने विदेशी नेताओं और अधिकारियों के साथ समझौता किया. इससे पहले वे जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र की बैठक में हिस्सा ले चुके हैं. यही नहीं, उन्होंने अमेरिका और कनाडा के अधिकारियों के साथ भी समझौतों पर दस्तखत किए हैं.

पराग्वे में कृषि मंत्रालय के चीफ ऑफ स्टाफ आरनाल्डो कामोरो को बुधवार को इस्तीफा देना पड़ा. एक ही दिन पहले यह खबर आई थी कि कामोरो ने एक काल्पनिक देश के साथ समझौते पर दस्तखत किए हैं.

16 अक्तूबर को हुए इस समझौते में इच्छा जताई गई कि "पराग्वे सरकार से सिफारिश की जाएगी कि युनाइटेड स्टेट्स ऑफ कैलासा के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित किए जाएं और संयुक्त राष्ट्र समेत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में युनाइटेड स्टेट्स ऑफ कैलासा को एक संप्रभु और स्वतंत्र देश के रूप में शामिल करने का समर्थन किया जाए.ह्व इस समझौते के दस्तावेजों की प्रतियां सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही हैं. कामोरो ने एक रेडियो इंटरव्यू में बताया कि इस काल्पनिक देश के प्रतिनिधि उनसे और कृषि मंत्री कार्लोस गिमेनेज से मिले थे. उन्होंने माना कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि यह देश कहां है. उन्होंने कहा कि उन्होंने एमओयू पर इसलिए दस्तखत किए क्योंकि प्रतिनिधियों ने सिंचाई और अन्य कई तरह की सुविधाओं के लिए पराग्वे की मदद करने का आश्वासन दिया था.

**क्या है कैलासा?**

कैलासा के सोशल मीडिया पर जारी की गई तस्वीरों में पराग्वे के कई अन्य अधिकारी भी समझौते के वक्त नजर आ रहे हैं. ऐसे समझौते देश की कई नगरपालिकाओं के साथ हुए हैं और कैलासा के सोशल मीडिया पर इन्हें उपलब्धियां बताया गया है.

कैलासा की अपनी वेबसाइट भी है, जिस पर इस देश को प्राचीन हिंदू सभ्यता को फिर से जिंदा करने की कोशिश बताया गया है. वेबसाइट कहती है, "अन्य आधुनिक राष्ट्रों से इतर युनाइटे स्टेट्स ऑफ कैलासा (यूएसके) हिंदुत्व का पुनरोत्थान, संरक्षण और प्रबंधन मुहैया कराता है, वैसे ही जैसे वेटकिन रोमन कैथलिक चर्च के प्रबंधन का केंद्र है.ह्व

कैलासा आंदोलन की स्थापना अमेरिका में की गई थी और इसके प्रमुख के तौर पर नित्यानंद परमशिवम नामक एक स्वयंभू हिंदू धर्मगुरु का नाम दिया गया है. नित्यानंद में भारत पर यौन शोषण समेत कई गंभीर आरोपों में केस दर्ज हैं और उसका ठिकाना अज्ञात है.

कैलासा की वेबसाइट पर कई देशों के साथ समझौतों की बात कही गई है, जिनमें घाना और बोत्सवाना भी शामिल हैं. इस वेबसाइट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा कैलासा रिपोर्ट जारी करने का भी दावा किया गया है.

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक कैलासा के दो प्रतिनिधि फरवरी में जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र की बैठक में हिस्सा लेने में कामयाब हुए थे. इसके अलावा मार्च में अमेरिका के नेवार्क शहर ने भी कहा था कि कैलासा ने उसे बेवकूफ बनाया और अपने एक शहर के साथ सिस्टर-सिटी अग्रीमेंट कर लिया.

## आईएसएस पर जाएगा भारतीय अंतरिक्ष यात्री

**नई दिल्ली**

फर्जी हिंदू देश से समझौते के कारण पराग्वे में बड़ा विवादपन्नू की हत्या की साजिशः भारत-अमेरिका रिश्तों पर क्या असर पड़ेगा

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के प्रबंधक बिल नेल्सन ने कहा है कि अगले साल आईएसएस में भेजने के लिए भारत के एक अंतरिक्ष यात्री को प्रशिक्षित किया जाएगा. उन्होंने कहा कि यह भारत और अमेरिका के बीच गहरे होते संबंधों का नतीजा है.

बेंगलुरू में एक कार्यक्रम में नेल्सन ने कहा, "यह विज्ञान को साझा करने का मौका है। नेल्सन भारत में निसार सिस्टम को देखने पहुंचे थे. नासा-इसरो एसएआर पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाने वाला एक सिस्टम है जिसे नासा और इसरो ने मिलकर तैयार किया है. एक बड़ी कार के आकार का यह उपग्रह अगले साल की शुरूआत में भारत से प्रक्षेपित किया जाना है.

निसार हर 12 दिन में पूरे ग्रह का चक्कर लगाएगा और पारिस्थितिकी तंत्र में हो रहे बदलावों, बर्फ की स्थिति, समुद्री जल स्तर में बदलाव, भूजल में बदलाव और भूकंप, सूनामी व ज्वालामुखी विस्फोट जैसी गतिविधियों की निगरानी कर रिपोर्ट देगा।

# नेपाली विमानन कंपनियां यूरोपीय यूनियन की काली सूची में बरकरार

**काठमांडू**

यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने नेपाल के नागरिक उड्डयन क्षेत्र को काली सूची में बनाए रखा है। वर्ष 2013 से लगातार नेपाल की विमानन कंपनियां यूरोपीय यूनियन की काली सूची में शामिल हैं। यूरोपीय यूनियन ने गुरुवार को उन एयरलाइनों की एक नई सूची प्रकाशित की है जो उड़ान सुरक्षा चिंताओं की सूची में हैं, जिसमें वे सभी एयरलाइनें शामिल हैं जो नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के साथ पंजीकृत हैं और विमानों का परिचालन कर रही हैं। नेपाली एयरलाइंस को 2013 से इस सूची में शामिल किया गया था। काली सूची में शामिल एयरलाइनों को यूरोपीय यूनियन के देशों के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने की अनुमति नहीं है।




यूरोपीय यूनियन द्वारा नेपाल की विमानन कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किए जाने का मुख्य कारण हवाई उड़ानों की अंतरराष्ट्रीय नियामक संस्था अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) के मानक पर खरा नहीं उतरना है। हालाकि नेपाल ने दावा किया है कि उसने आईसीएओ की अधिकतर चिंताओं का समाधान कर दिया है।

नेपाल के नागरिक उड्डयन मंत्री सुदन किरांती ने कई सार्वजनिक कार्यक्रमों और यहां तक कि संसद में भी दावा किया था कि इस बार विमानन कंपनियों को काली सूची से मुक्ति मिलेगी। इसके लिए नेपाल नागरिक उड्यन प्राधिकरण के अधिकारियों ने सालभर लॉबिंग की थी। नेपाल आने वाले ईयू के प्रतिनिधिमंडल के सामने भी कई बार यह विषय उठाया गया, लेकिन अभी तक नेपाली एयरलाइंस ब्लैकलिस्ट ही हैं। ईयू के इस फैसले से नेपाल एयरलाइंस को सबसे बड़ा झटका लगा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत और यूएई हरित और समृद्ध भविष्य को आकार देने पर अड़िग

**दुबई**

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के प्रमुख अखबार अल-इत्तिहाद के साथ साक्षात्कार में कहा, 'भारत और यूएई हरित और अधिक समृद्ध भविष्य को आकार देने में भागीदार के रूप में खड़े हैं...। दोनों इसके लिए अड़िग हैं। मेरा मानना है कि जलवायु कार्रवाई समानता, जलवायु न्याय, साझा दायित्वों और साझा क्षमताओं पर आधारित होनी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'भारत आशावादी है। भारत को भरोसा है कि संयुक्त अरब अमीरात की अध्यक्षता में आयोजित सीओपी-28 प्रभावी जलवायु कार्रवाई में नई गति लाएगा।' उन्होंने कहा कि विकासशील देशों ने समस्या के




निर्माण में कोई योगदान नहीं दिया है। फिर भी विकासशील देश समाधान का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज (कॉप)-28 (सीओपी-28) में हिस्सा लेने पहुंच चुके हैं। वो गुरुवार देररात दुबई पहुंचे। वो यहां आज (शुक्रवार) देरशाम तक ही रहेंगे। इस दौरान विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री सम्मेलन के शीर्षस्तरीय आरंभिक सत्र में हिस्सा लेंगे और इससे जुड़े तीन अलग-अलग सत्र में भारत का पक्ष रखेंगे। यहां पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारतीय समुदाय के लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

## आईडीएफ ने कहा, हमास ने संघर्ष विराम तोड़ा, गाजा में लड़ाई शुरू



**गाजा पट्टी**

गाजा पट्टी पर सात दिन के संघर्ष विराम के बाद आज (शुक्रवार) सुबह फिर लड़ाई शुरू हो गई। इजराइल ने फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास पर संघर्ष विराम के उल्लंघन का आरोप लगाया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने एक्स पर कहा है कि हमास ने उल्लंघन करते हुए इजराइली क्षेत्र की ओर गोलीबारी की। इसके बाद आईडीएफ ने गाजा में आतंकवादी संगठन हमास के खिलाफ लड़ाई फिर शुरू कर दी।

## गाजा पट्टी पर संघर्ष विराम आठवें दिन बढ़ाने पर सहमति!



**गाजा पट्टी**

इजराइल और फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास आज (शुक्रवार) भी संघर्ष विराम बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं। यह जानकारी द यरुशलम टाइम्स अखबार ने अपने एक्स हैंडल पर आज सुबह दी है।

मगर द टाइम्स ऑफ इजराइल का कहना है कि सुबह 7 बजे की समय सीमा नजदीक आने के कारण गाजा में संघर्ष विराम के संभावित विस्तार को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि इस अखबार ने भी मिस्त्र के अधिकारियों के हवाले से दावा किया है कि दोनों पक्ष आठवें दिन भी संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि कतर की मध्यस्थता के बाद युद्ध के 49वें दिन 24 नवंबर को गाजा पट्टी में अस्थाई संघर्ष विराम शुरू हुआ था।

## हमास का मंसूबा सालभर पहले जानकर भी अनजान रहा इजराइल,अमेरिकी अखबार का खुलासा

**न्यूयॉर्क,**

इजराइल को सालभर पहले भनक मिल गई थी कि फिलिस्तीन का आतंकी संगठन हमास उस पर हमला कर सकता है। मगर इजराइल के सैन्य और खुफिया अफसरों का मानना था कि हमास के लिए ऐसा करना मुश्किल है। इसलिए इस सूचना को गंभीरता से नहीं लिया गया। यह दावा अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में किया है।

अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार दस्तावेजों, ई-मेल और साक्षात्कारों से पता चलता है कि इजरायली अधिकारियों ने 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमले के लिए हमास की युद्ध योजना एक साल से भी पहले प्राप्त कर ली थी। यह लगभग 40 पन्नों का दस्तावेज है। इसे इजरायली अधिकारियों ने 'जेरिको वॉल' नाम दिया था।

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस दस्तावज की समीक्षा की है। रिपोर्ट में कहा



गया है कि 'जेरिको वॉल' में हमले की कोई तारीख तय नहीं थी, लेकिन इसमें गाजा पट्टी के चारों ओर किलेबंदी को खत्म करने, इजराइली शहरों पर कब्जा करने और एक डिवीजन सहित प्रमुख सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए डिजाइन किए गए व्यवस्थित हमले का वर्णन है। अखबार का कहना है कि हमास ने चौंकाने वाली सटीकता के साथ अपने ब्लूप्रिंट के हिसाब से हमला किया। दस्तावेज में हमले की शुरूआत में रॉकेटों की बौछार, सीमा पर सुरक्षा कैमरों और स्वचालित मशीनगनों को ध्वस्त करने के लिए ड्रोन और पैराग्लाइडर, मोटरसाइकिलों और पैदल बंदूकधारियों को सामूहिक रूप से इजराइल में घुसने का आह्वान किया गया था। ...और यह सब 7 अक्टूबर को इजराइल में हुआ। द न्यूयॉर्क टाइम्स का कहना है कि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू या अन्य शीर्ष राजनीतिक नेताओं ने इस दस्तावेज को देखा था या नहीं।

# नेपालः कड़ाके की ठंड में टेंट में रात गुजारने को मजबूर भूकंप पीड़ित, अब तक 31 की मौत

**काठमांडू**

नेपाल के जाजरकोट और रूकुम पश्चिम के भूकंप पीड़ितों की मुसीबतें दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही हैं। सर्दी बढ़ने के साथ ही रात का तापमान घट कर शून्य डिग्री सेल्सियस पर पहुंच जा रहा है। इस कारण से टेंट में रहने को मजबूर भूकंप पीड़ितों के समक्ष ना सिर्फ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं आने लगी हैं बल्कि ठंड से मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है।

गुरुवार देर रात से लेकर शुक्रवार तड़के तक जाजरकोट का तापमान एक डिग्री सेल्सियस से भी नीचे तक गिर जा रहा है। इस दौरान टेंट के सहारे रात गुजारने वालों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की तरफ से उपलब्ध कराए गए कंबल और टेंट से कड़ाके की सर्दी और शून्य तक पहुंचे पारा में रात गुजारना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है।

ठंड के कारण जाजरकोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। जाजरकोट के प्रमुख जिलाधिकारी सुरेश सुनार ने शुक्रवार को बताया कि मरने वालों में अधिकतर बुजुर्ग, नाबालिग बच्चे और गर्भवती महिला हैं। रात को ठंड से मरने वालों की तादाद और बढ़ने से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रमुख जिलाधिकारी ने स्वीकार किया कि सरकार की तरफ से ठंड से बचने के लिए सभी जरूरी उपाय किये जा रहे हैं, लेकिन जिस स्तर पर सहयोग दिया जाना चाहिए वह दे पाने में प्रशासन सक्षम नहीं है।इसी बीच मौसम





विज्ञान विभाग का पूवार्नुमान है कि जाजरकोट और रूकुम पश्चिम का तापमान आने वाले दिनों में शून्य से भी नीचे जाएगा। जल एवं मौसम विज्ञान विभाग में कार्यरत वरिष्ठ मौसम विज्ञानी निराजन सापकोटा ने बताया कि आमतौर पर 20-25 जनवरी तक जाजरकोट और रूकुम पश्चिम के भूकम्प प्रभावित इलाकों का तापमान रात को 2-3 डिग्री तक रहने वाला है, लेकिन बीच-बीच में तापमान शून्य या उससे भी कम हो सकता है। भूकंप पीड़ितों की शिकायत है कि उन्हें सरकार की तरफ से एक ढंग का त्रिपाल भी नहीं दिया गया है और ना ही ओढ़ने-बिछाने के लिए पर्याप्त सामान है। ऐसे में ठंड में रात गुजारना रोज रात को मौत का सामना करने जैसा है। भूकंप के बाद से ही राहत एवं बचाव कार्य में जुटे माओवादी पार्टी के सांसद जनार्दन शर्मा ने कहा कि भूकंप पीड़ितों की संख्या एक लाख से अधिक होने से सबके पास अब तक नहीं पहुंचा जा सका है, लेकिन जल्द ही सबको पर्याप्त सामान उपलब्ध कराया जाएगा।

भूकंप पीड़ितों के बीच रह कर लगातार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहीं राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सांसद डॉ. तोषिमा कार्की ने कहा कि ठंड के कारण 40 हजार लोगों का जीवन खतरे में है। पेशे से चिकित्सक रही कार्की का कहना है कि भूकंप पीड़ितों में बुजुर्ग, नाबालिग बच्चे और गर्भवती महिलाओं की संख्या 40 हजार के करीब है। ठंड से इन लोगों की जान को सबसे अधिक खतरा है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।